दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 179 | जयपुर, शुक्रवार, 09 जून, 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### सीएम ने दी मंजूरी 1.15 लाख घरों में पहुंचेगी बिजली



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र में 1 लाख 15 हजार 383 अविद्युतीकृत घरों को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युतीकृत करने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। ये घर सौभाग्य योजना की समाप्ति के उपरांत विद्युतीकरण से वंचित रह गए थे। इसमें 322.61 करोड़ रुपए की लागत आएगी। विद्युतीकृत होने वाले घरों में बाड़मेर के 41 हजार 396, जोधपुर के 20 हजार 993, जैसलमेर के 16 हजार 853, बीकानेर के 14 हजार 458, चूरू के 6379, जालौर के 5368, सिरोही जिले के 4981, हनुमानगढ़ के 2057, श्रीगंगानगर के 1675 और पाली जिले के 1223 घर शामिल हैं।

### चौथी तिमाही में 43 शहरों में महंगे हुए मकान

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 43 शहरों में संपत्ति की कीमतों में वृद्धि हुई है। एनएचबी के आवास कीमत सूचकांक के अनुसार अहमदाबाद में संपत्ति कीमतों में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत, बेंगलुरु में 9.4 प्रतिशत, चेन्नई में 6.8 प्रतिशत, दिल्ली में 1.7 प्रतिशत, कोलकाता में 11 प्रतिशत, मुंबई 3.1 प्रतिशत और पुणे 8.2 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

### आदर्श नगर एसीपी हवासिंह को किया सस्पेंड



**जयपुर।** डीजीपी उमेश मिश्रा ने एक आदेश जारी कर जयपुर कमिश्नरेट के पूर्व जिला के आदर्श नगर एसीपी हवासिंह को सस्पेंड कर दिया है। हवा सिंह के खिलाफ एक विभागीय जांच की जा रही है। निलंबन काल के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय महानिदेशक पुलिस जयपुर रहेगा। जानकारों की मानें तो कानोता थाने में स्थित एक जमीन से जुड़े मामले की फाइल ट्रांसफर होकर हवासिंह के पास आई थी। जिसकी जांच प्रक्रिया पर सवाल उठने के बाद एसीपी के खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है।

**ईडी की जांच से हड़कंप:** पेपर लीक मामले की जांच की आंच पहुंची आयोग के पूर्व सचिव सहित दो दर्जन लोगों तक

# RPSC चेयरमैन सहित कई संदिग्ध पूछताछ के लिए तलब

- सबको अलग-अलग समय पर कहा गया है मुख्यालय आने को
- श्रोत्रिय को पहले भी जारी किया था नोटिस, लेकिन वो नहीं गए थे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रदेश में पेपर लीक मामले में 28 ठिकानों पर छापे और दस्तावेजों की जांच के बाद अब आगे की कार्रवाई की तरफ कदम बढ़ा लिया है। ईडी मुख्यालय ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और पूर्व सचिव हरजीलाल अटल सहित 24 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए दिए हैं।

ईडी अपनी पूछताछ में अब तक मिले दस्तावेजों और क्लू की कड़ी से कड़ी जोड़ने की कोशिश करेगा। अब तक की जांच में ईडी इस बात को लेकर आश्वस्त हो चुका है कि पेपर लीक प्रकरण में पैसों का भारी लेन देन हुआ है। दिल्ली से आई टीम ने अब तक जब्त दस्तावेजों की पड़ताल लगभग पूरी कर ली है। इसके बाद ही ईडी ने यह नोटिस जारी किए हैं। आरपीएससी चेयरमैन श्रोत्रिय और पूर्व सचिव अटल को शुक्रवार को तलब किया गया है, लेकिन अन्य को कब बुलाया गया है इस बात का फिलहाल खुलासा नहीं हो रहा है। ईडी आरपीएससी अध्यक्ष से पेपर लीक के प्रकरणों की जानकारी के बाद क्या कार्रवाई की गई इसे लेकर पूछताछ कर सकता है।




### कटारा को साथ ले जा सकता है ईडी

यह भी जानकारी मिल रही है कि 15 जून तक ईडी अपनी प्रारंभिक पूछताछ पूरी कर लेगा, यह माना जा रहा है। वहीं अंदेशा इस बात का भी लगाया जा रहा है कि ईडी विधिक कार्रवाई कर आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा को अपने साथ मुख्यालय पूछताछ के लिए ले जाने का प्रयास करेगा। कटारा से भी उनके सदस्य बनने की योग्यता को लेकर सवाल पूछे जाने हैं। ईडी को शक है कि सीनियर टीचर भर्ती के पेपर लीक से पहले हुए एग्जाम में भी कटारा का हाथ रहा है। एसओजी ने उसकी गिरफ्तारी की।

### मामले की मॉनिटरिंग निदेशक स्तर से

पता चला है कि ईडी के निदेशक इस मामले की जांच की मॉनटरिंग कर रहे हैं। 16 पेपर लीक प्रकरण के मामले ईडी के पास है। साथ ही, यह मामला पचास लाख है युवाओं को प्रभावित करने वाला था। इस लिए जांच और अन्य कार्रवाई की हर दिन जांच रिपोर्ट ईडी के अकबर रोड मुख्यालय भेजी जा रही है।

### सुरेश ढाका भागा विदेश

ईडी ने पेपर लीक के मास्टर माइंड सुरेश ढाका के गांव में भी कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। इन दस्तावेजों के आधार पर यह जानकारी सामने आ रही है कि ढाका देश छोड़कर भाग चुका है। इससे पहले एसओजी की जांच में भी यह सामने आया था कि ढाका हैकर था, जो शातिर तरीके से ऑनलाइन अपराधों को अंजाम दे रहा था।

**RBI की मौद्रिक समीक्षा:** रेपो दर यथावत, गवर्नर का बड़ा ऐलान

# सहकारी बैंक NPA जल्द ही कर सकेंगे राइट ऑफ

## *500* के नोट नहीं होंगे बंद, ना निकलेगा *1000* का नोट

**एजेंसी** | मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष की अपनी दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को भी 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.2 प्रतिशत से घटाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा है कि सहकारी बैंक जल्द ही अपने एनपीए (गैर-निष्पादित आस्तियां) बट्टे खाते (राइट ऑफ) में डाल सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस आशय के दिशा-निर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि 500 रुपए के नोट बंद नहीं होंगे और ना ही 1,000 का नोट निकाला जाएगा। हाल ही में बंद किए गए 2,000 के नोट के बारे में उन्होंने कहा कि अब तक 50 फीसदी नोट बैंकों में आ चुके हैं।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र मजबूत तथा जुझारू बना हुआ है।' उन्होंने कहा कि एमपीसी ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है।




### क्या है रेपो ब्याज दर

रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। अप्रैल की पिछली मौद्रिक समीक्षा बैठक में भी एमपीसी ने रेपो दर में बदलाव नहीं किया था। पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी।

### 1.80 लाख करोड़ के 2,000 के नोट आए

दास ने कहा कि चलन में मौजूद 2,000 रुपए के कुल नोटों में लगभग 50 प्रतिशत यानी 1.80 लाख करोड़ बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। उन्होंने कहा कि कुल 3.62 लाख करोड़ रुपए मूल्य के दो हजार रुपए के नोट चलन में थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 500 के नोट को वापस लेने का विचार नहीं, ना ही 1,000 का नोट वापस लाया जाएगा। लोगों से अनुरोध है कि वे इसको लेकर अटकलें नहीं लगाएं।

### महंगाई में स्थाई कमी का रास्ता लंबा

दास ने कहा कि रेपो दर को नहीं बढ़ाने का फैसला सिर्फ एक ठहराव है और भविष्य में नीतिगत कार्रवाई पूरी तरह उस समय के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। साथ ही, केंद्रीय बैंक गवर्नर ने जोड़ा कि मुद्रास्फीति में स्थाई कमी के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है।

### को-ऑपरेटिव बैंक भी कर सकेंगे चूककर्ताओं से समझौता निपटान

दास ने कहा कि सहकारी बैंक जल्द ही गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को बट्टे खाते में डाल सकेंगे और चूककर्ताओं के साथ समझौता निपटान कर सकेंगे। इसके तहत सहकारी ऋणदाताओं सहित सभी विनियमित इकाइयां अब एनपीए का समाधान करने के लिए 'समझौता निपटान और फंसी हुई राशि को तकनीकी बट्टे खाते में डालने' जैसे फैसले कर सकेंगी। इस पर व्यापक दिशा-निर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब तक फंसी हुई संपत्ति के समाधान की अनुमति केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और चुनिंदा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को थी।

**मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचे विभिन्न प्रतिनिधिमंडल**

# कर्मचारियों का भविष्य शेयर मार्केट के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता: सीएम



### गहलोत ने कहा... शांति, सद्भाव और भाईचारा ही विकास के आधार

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों का भविष्य शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड की अनिश्चितताओं के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। इसलिए राजकीय कर्मचारियों के लिए मानवीय दृष्टिकोण से ओपीएस तथा आरजीएचएस जैसी योजना लागू की। वर्ष में दो बार डीपीसी और पदोन्नति में अनुभव की छूट तथा 25 वर्ष के सेवाकाल पर ही पूर्ण पेंशन का लाभ देने सहित राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कर्मचारी हित में कई संवेदनशील निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से कर्मचारियों में अपने भविष्य के प्रति सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात के दौरान सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क तंत्र, बिजली, कृषि तथा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में निरंतर महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

### आमजन पर कम हुआ महंगाई का बोझ

प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कमी नहीं रखी जा रही है। शांति, सद्भाव और भाईचारा ही विकास के आधार हैं, इसलिए प्रदेश में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं एकजुटता बनाए रखने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में महंगाई राहत कैम्प लगाए जा रहे हैं, इससे आमजन पर महंगाई का बोझ कम हुआ है। इनके माध्यम से लोगों को अधिकतम राहत पहुंचाई जा रही है।

## WTC Final: भारत को पारी की हार का खतरा 151 रन पर आधी टीम लौटी पवेलियन

**एजेंसी** | लंदन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के द ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। इस खिताबी मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 469 रन बनाए। दूसरे दिन दूसरे सेशन में ऑस्ट्रेलिया की टीम ऑलआउट हो गई। इसके बाद दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट गंवाकर 151 रन बनाए हैं। भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 269 रन चाहिए।




**केरल में आया मानसून**

# भारत में दस्तक... राजस्थान में करीब एक महीने और करना होगा इंतजार

- राजस्थान में जुलाई के पहले हफ्ते में मानसून प्रवेश की संभावना
- राजस्थान में इस बार हो सकती है औसत बारिश
- आईएमडी के अनुसार देश में इस वर्ष बारिश सामान्य रहने की संभावना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य समय से एक सप्ताह के विलंब के बाद गुरुवार को भारत में दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मानसून के केरल आगमन की घोषणा की है। मौसम विज्ञानियों ने कहा था कि चक्रवात 'बिपरजॉय' मानसून को प्रभावित कर रहा है। केरल में इसकी शुरुआत मामूली होगी। इस बीच, केरल में मानसून प्रवेश के साथ ही कुछ हिस्सों में बरसात हुई। अब राज्य के नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अब



@ केरल

राजस्थान में जुलाई के पहले हफ्ते में मानसून आने की संभावना है।

### कभी जल्दी आया, कभी देरी से

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 वर्षों में केरल में मानसून की शुरुआत की तारीख भिन्न रही है, जो 1918 में समय से काफी पहले 11 मई को और 1972 में सबसे देरी से 18 जून को आया था। पिछले साल 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून, 2019 में आठ जून और 2018 में 29 मई को केरल पहुंचा था। शोध से पता चलता है कि केरल में मानसून के आगमन में देरी का मतलब यह नहीं है कि उत्तर-पश्चिम भारत में मानसून की शुरुआत में देरी होगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि केरल में मानसून के आगमन में देरी भी इस मौसम के दौरान देश में कुल वर्षा को प्रभावित नहीं करती। आईएमडी ने पहले कहा था कि मानसून में भारत में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। वैसे, उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य या उससे कम बारिश होने की उम्मीद है।

### राजस्थान में आमतौर पर 24 मई को होती है एंट्री

**जयपुर।** केरल में मानसून चार दिन देरी से पहुंचा है। वहीं, अरब सागर से उठे भयंकर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण अभी मानसून चार-पांच दिन और डिस्टर्ब रहेगा। हवा, नमी, रुख और गति सहित अगर मानसून का वातावरण बेहतर रहा तो जुलाई के पहले सप्ताह तक ही राजस्थान में मानसूनी बारिश शुरू होने की संभावना है। वैसे, सामान्य तौर पर राजस्थान में 24 जून मानसून की एंट्री डेट मानी जाती है। साल 2022 में केरल में 29 मई को मानसून आया था, जबकि 30 जून को राजस्थान में मानसून की एंट्री हुई थी। माना जा रहा है जून के अंतिम सप्ताह तक मध्यप्रदेश और जुलाई के पहले सप्ताह तक राजस्थान में मानसून का प्रवेश हो जाएगा।

### प्रदेश की औसत बरसात है 415 एमएम

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के मानसून सीजन में जून से सितंबर तक औसत वर्षा 415 मिमी होने की संभावना है। साल 2022 में सामान्य से 37 फीसदी अधिक 595.9 बारिश हुई थी। जून में मानसून कमजोर था, लेकिन जुलाई और अगस्त में इसकी भरपाई करते हुए आगे निकल गया।

## जरूरी खबर

### बगैर टिकिट यात्रा करते पकड़े गए 190 यात्री



**जयपुर।** रोडवेज बस में बगैर टिकिट यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 190 यात्री बस में बगैर टिकिट के यात्रा करते हुए पकड़े गए। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अध्यक्ष आनन्द कुमार के निर्देश पर जोनल मैनेजर्स के नेतृत्व में 6 विशेष निरीक्षण टीम बनाकर 3 से 6 जून तक यह चैकिंग अभियान चलाया गया। इसमें राज्य भर में अलग-अलग मार्गों पर कुल 129 बसों का औचक निरीक्षण कर जांच की गई तो इनमें से कुल 22 बसों में 190 यात्री बिना टिकिट पाए गए। इनसे 11 हजार 448 रुपए किराया और 22 हजार 60 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### पीएचईडी के 6 नए कार्यालयों को मिली स्वीकृति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 6 नए कार्यालय खोलने एवं इन कार्यालयों के संचालन के लिए 52 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। प्रस्ताव के अनुसार, नागौर जिले के कुचामन में वृत्त कार्यालय, जायल में खण्ड कार्यालय तथा डेह में उपखण्ड कार्यालय खोला जाएगा। सीकर के खण्डेला में खण्ड कार्यालय एवं अजमेर के सावर तथा अलवर के भिवाड़ी में उपखण्ड कार्यालय खुलेंगे।

### सिंचाई परियोजना के लिए 156.13 करोड़ रुपए मंजूर



**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में सिंचाई तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर विकास कार्य करा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री गहलोत ने जल संसाधन विभाग से संबंधित 5 विकास कार्यों के लिए 156.13 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। इस राशि से झालावाड़ जिले में राजगढ़ मध्यम सिंचाई परियोजना में फव्वारा पद्धति के विकास कार्य, घुघवा लघु सिंचाई परियोजना में निर्माण कार्य तथा गागरीन सिंचाई परियोजना में आवश्यक सिंचाई सुविधा के कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही बूंदी जिले में उतराना माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना में निर्माण कार्य तथा बांसवाड़ा जिले के कूपड़ा गांव में अनास नदी पर एनिकट का निर्माण कराया जाएगा।

---

**जल जीवन मिशन:** पेयजल योजनाओं को लेकर केंद्र और राज्य में टकराव

# प्रदेश को नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं शेखावत: जोशी

■ महेश जोशी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पर साधा निशाना

बेधड़क | जयपुर



केंद्रीय पेयजल योजनाओं को लेकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार के मंत्रियों के बीच टकराव सामने आ रहे हैं। जल जीवन मिशन की प्रगति और ईआरसीपी मामले में कांग्रेस सरकार में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधा है।

शेखावत के जेजेएम की राजस्थान में धीमी गति को लेकर राज्य सरकार पर लगाए आरोपों का जवाब देते हुए जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शेखावत राजस्थान की जनता का अपमान कर रहे हैं।

शेखावत पैरामीटर का हवाला देकर राजस्थान को 12वें नम्बर पर बता रहे हैं, जबकि राजस्थान की स्थिति अलग है। फिर भी हमने दूसरे राज्यों से अधिक राशि खर्च की है। गुरुवार को सरकारी आवास पर पत्रकार वार्ता में मंत्री जोशी ने कहा कि जल जीवन मिशन को लेकर गजेंद्र सिंह शेखावत राजस्थान को नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं। राज्य का प्रतिनिधि होने के नाते उन्हें अतिरिक्त सहायता दिलानी चाहिए थी।

### विपरीत परिस्थितियों में काम कर रहा राजस्थान

जोशी ने कहा कि सभी राज्यों की स्थिति भिन्न है। हमारे एक जल कनेक्शन पर 72 हजार रुपए खर्च आ रहा है। हमारे अधिकारी ताकत से काम कर रहे हैं। अभी शटडाउन में काम करते कोबरा निकल आया था, कर्मचारी बच गया। जेजेएम में राजस्थान ने 16 हजार करोड़ की राशि खर्च की है, उनके हिसाब से हम 12वें नम्बर पर हैं। जबकि यूपी, एमपी, गुजरात, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र में हमसे कम पैसा खर्च किया गया है। इन राज्यों ने पुराने कनेक्शन भी शामिल कर लिए हैं, जिससे वह आगे निकल गए। जोशी ने कहा कि शेखावत राज्य के होने कारण अपना फर्ज निभाएं। हमारी भौगोलिक परिस्थितियां विषम हैं। यहां के विशाल भू-भाग का दो-तिहाई हिस्सा मरूस्थल है और प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता भी न्यूनतम है। प्रदेश की छितराई हुई बसावट के कारण छोटी-छोटी ढाणियों तक पानी पहुंचाने के लिए अत्यधिक राशि व्यय करनी पड़ती है एवं समय भी अधिक लगता है। भूजल स्त्रोत आधारित जेजेएम की योजनाओं के लिए स्रोतों की दीर्घकालीन सस्टेनेबिलिटी राजस्थान के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आरोप लगाया था कि राजस्थान जैसे कुछ गैर भाजपा शासित राज्य इस योजना को लागू करने में पूरा सहयोग नहीं दे रहे हैं, जिससे लक्ष्य हासिल करने में कठिनाई आ रही है।

### ERCP को नहीं किया राष्ट्रीय परियोजना घोषित

ईआरसीपी पर जोशी ने कहा कि इस बार जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजमेर आए थे, तब लगा था कि वह इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। केंद्रीय मंत्री पीएम को राय तक नहीं दे सकते हैं। शेखावत को पीएम फोबिया हो गया है। वह राजस्थान की जनता को उनका हक नहीं दिलवा सकते। जोशी ने कहा कि अब तक जल जीवन मिशन पर राज्य में 16 हजार 586 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। 92 लाख कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 42 लाख 45 हजार कनेक्शन किए चुके हैं। जोशी ने कहा कि शेखावत को यह बात पसंद नहीं कि राजस्थान की परफॉर्मेंस अच्छी हो। जबकि हकीकत और सच्चाई है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना को लेकर गंभीरता से काम हो रहा है। राजस्थान में जल जीवन मिशन का काम अन्य कई राज्य से बेहतर है।

---

**मुलाकात:** सीएम से मिले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी एवं सहप्रभारी

# मुख्यमंत्री से की चर्चा, अब तक मिले फीडबैक से कराया अवगत

■ रंधावा ने कहा, अब चलता रहेगा बैठकों का दौर

बेधड़क | जयपुर

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और तीनों सहप्रभारी गुरुवार को यहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले। बैठक के बाद पार्टी नेताओं ने इसे 'अनौपचारिक व नियमित' बैठक करार दिया।

पार्टी के प्रदेश प्रभारी रंधावा तथा सहप्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन व वीरेंद्र राठौड़, तीनों गुरुवार को जयपुर में थे। ये तीनों सीएम निवास पर मुख्यमंत्री गहलोत से मिले। इस दौरान डोटासरा भी वहां मौजूद रहे। बैठक को लेकर प्रदेश प्रभारी रंधावा ने कहा कि यह नियमित बैठक थी। सहप्रभारी पहली बार सीएम गहलोत से मिले और जिन-जिन इलाकों में वे जाकर आए, वहां के बारे में चर्चा की।

भाजपा के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा द्वारा सरकार के एक विभाग में गबन के हालिया आरोप संबंधी सवाल को रंधावा ने यह कहते हुए टाल दिया कि वह बहुत बड़े आदमी हैं। वे हर रोज कोई न कोई बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ बात की है। अमृता धवन ने इससे पहले मीडिया से कहा कि राजस्थान की जनता राजस्थान की कांग्रेस सरकार के काम से खुश है और इसके काम ने उनका दिल जीता है। उन्होंने कहा कि विकास का राजस्थान सरकार का मॉडल हर किसी को फायदा पहुंचा रहा है, जिससे जनता में उत्साह का माहौल है।

### सह-प्रभारी बोले- जनता कांग्रेस सरकार के काम से खुश



#### सरकार पर बंदूक तानने से कुछ नहीं होगा

शिक्षक भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने से जुड़ी धन शोधन की जांच के संबंध में ईडी द्वारा राज्य में हाल ही में कई जगह तलाशी लिए जाने पर सहप्रभारी अमृता धवन ने कहा कि 'सरकार पर बंदूक तानने से कुछ नहीं होगा, सरकार और सरकार के लोग साफ-सुथरे हैं। संगठन को किस तरह से मजबूत करना है, उसको लेकर चर्चा हुई। धवन ने बताया कि संगठन और सरकार रिपीट करने के लिए आगे का रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जिसमें जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर की मीटिंग होगी, जिनका खाका तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के सभी विधायक ग्राउंड पर काम कर रहे हैं और महंगाई राहत कैंप एक बड़ी एक्सरसाइज है, जिसमें सरकार की योजनाओं का सभी मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि अधिक से अधिक लाभ दिलाएंगे। कांग्रेस के विकास का मॉडल को आगे लेकर जाने का काम करेंगे।

#### सरकार रिपीट करने पर चर्चा

सीएमआर पर हुई बैठक में मौजूद सह प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने बताया कि यह एक औपचारिक मुलाकात थी, जहां सभी ने मिलकर संगठन और सरकार रिपीट करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी प्रदेश में हालात बहुत अच्छे हैं और टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस का हमेशा से एक फिक्स क्राइटेरिया रहता है। स्क्रीनिंग कमेटी बनने के बाद ही टिकटों का फॉर्मूला तय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनाव की सरगर्मी शुरू होने के बीच अनेक मंत्री, विधायक व नेता बुधवार को यहां पार्टी प्रभारी रंधावा से मिले थे। रंधावा ने कहा था कि इन बैठकों का दौर अब चुनाव तक जारी रहेगा।

---

**ईडी की कार्रवाई पर भाजपा का जवाब**

# यूपीए सरकार में भी इसी ED-CBI ने की थी कार्रवाई: माथुर

बेधड़क | जयपुर



भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद ओमप्रकाश माथुर ने राजस्थान में ईडी की छापेमारी के बाद कांग्रेस के नेताओं की ओर से की गई बयानबाजी पर पलटवार किया है।

गुरुवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पहुंचे सांसद माथुर ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से यह पूछना चाहता हूं कि यूपीए फर्स्ट और सैकंड कार्यकाल में लगातार कोई साल ऐसा नहीं बीता, जब इन्हीं संस्थाओं ने किसी न किसी पर कार्रवाई नहीं की हो। यहां तक कि इनके ही केंद्रीय मंत्री तक को इन्हीं संस्थाओं ने गिरफ्तार नहीं किया हो। माथुर ने ईडी की कार्रवाई पर उठ रहे सवालों को लेकर कहा कि यह संवैधानिक संस्थाएं हैं। इसलिए इन पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। यूपीए में जब कार्रवाई हुई तो सवाल उठाने वाले यह लोग कहां गए थे।

सांसद ने कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को इस तरह के बयान से बचना चाहिए। यूपीए शासनकाल में इनके लोग अंदर रखे गए और जेलों में सड़े। उस समय भी यहीं संस्थाएं थी, यही ईडी, सीबीआई और सारी मशीनरी थी।

### धार्मिक उन्माद सदियों से चलता आया

वहीं सीएम गहलोत के भाजपा और आरएसएस पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोपों का जवाब देते हुए माथुर ने कहा कि हिंदुस्तान में धार्मिक उन्माद सदियों से चलता आया है। पूरी दुनिया की संस्कृतियां नष्ट हो गईं, लेकिन हिंदुस्तान की संस्कृति को कोई नष्ट नहीं कर पाया। लगभग 1500 से ज्यादा वर्षों तक हमने भिन्न-भिन्न समाजों के आक्रांताओं को देखा और भुगता है। लेकिन हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सका। हम हमारी अंदर की प्रेरणा से हमारे सनातन धर्म को जिंदा रखे हैं।

---

**पशुपालकों के खातों में** हस्तांतरित होंगे 40-40 हजार रुपए

# लम्पी रोग आर्थिक सहायता राशि का वितरण करेंगे सीएम गहलोत

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जल्द ही पशुपालकों के खातों में राशि हस्तांतरित करेंगें। पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने कहा कि सीएम गहलोत ने दुधारू गोवंशीय पशु की लम्पी रोग से हुई मृत्यु पर पशुपालक को 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। जिसको लेकर जल्द ही राज्य स्तरीय आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम आयोजित कर पात्र पशुपालकों को इस इस योजना में लाभान्वित किया जाएगा।

प्रमुख शासन सचिव गुरुवार को राजधानी स्थित पशुधन भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लम्पी रोग से मृत गोवंशीय पशुओं एवं पात्र पशुपालकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर कहा कि विभाग के सभी अधिकारी इस काम को मुख्य जिम्मेदारी मानते हुए प्रत्येक पात्र पशुपालक तक इसका लाभ पहुंचाए।

### आज जारी होगी भर्ती की विज्ञप्ति

**जयपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश के 176 नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों के 13184 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए राजस्थान नगरपालिका (सफाई कर्मचारी सेवा) नियम, 2012 में संशोधन किया है। स्वायत्त शासन विभाग ने संशोधन नियम 2023 की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके जरिए रूल 9 में साक्षात्कार के साथ ही प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान भी जोड़ा गया है। नए प्रावधानानुसार परम्परागत सफाई कार्य से जुड़े परिवारों को प्राथमिकता देते हुए स्वायत्त शासन विभाग भर्ती करेगा। इस संबंध में संशोधित विज्ञप्ति शुक्रवार को जारी की जाएगी।

---

**गहलोत के बयान पर** आम आदमी पार्टी का पलटवार

# चुनाव आते ही समझौता, जनता के पांच साल बर्बाद: पालीवाल

बेधड़क | जयपुर

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट से सुलह के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दिए गए बयान पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया। आप के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही अब दोनों नेताओं में समझौता हो गया। मुख्यमंत्री को घेरते हुए उन्होंने कहा कि आपकी आपसी लड़ाई में प्रदेश की जनता को जो 5 साल में नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कौन करेगा? पालीवाल ने कहा कि 2018 में जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी, तब से पूरे कार्यकाल के दौरान प्रदेश कांग्रेस एक रंगमंच की तरह नजर आई।

जनता भी समझ गई कि इन्होंने वोट जरूर जनता और प्रदेश के विकास के नाम पर मांगा, लेकिन असल में इन्हें कुर्सी की चिंता है। पूरे कार्यकाल के दौरान सरकार कभी होटल में, कभी बागी विधायकों को साधने और उनकी खींचतान को मैनेज करने में जुटी रही।

### सरकार के मंत्रियों ने ही किया भ्रष्टाचार

पालीवाल ने कहा कि सरकार के विधायक और मंत्री खुद अपनी ही पार्टी के नेताओं पर खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस विधायक भरत सिंह ने तो सीएम गहलोत को चिट्ठी लिखकर साफ कहा है कि प्रमोद जैन भाया का गृह मंत्रालय बचाव कर रहा है। जबकि गृह मंत्रालय खुद सीएम अशोक गहलोत के पास ही है।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने पीसीसी चीफ पर बोला जुबानी हमला**

# डोटासरा को आईना देखकर चिंतन करना चाहिए: जोशी

बेधड़क | जयपुर

केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान की चर्चा के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी गुरुवार को चित्तौड़गढ़ पहुंचे, जहां पर उन्होंने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा पर जुबानी हमला बोला।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने डोटासरा के द्वारा पिछले दिनों चित्तौड़गढ़ में दिए बयान पर पलटवार किया। बता दें कि 4 जून को चित्तौड़गढ़ दौरे के दौरान डोटासरा ने कहा था कि चित्तौड़गढ़ की जनता ही सिर्फ यहां के सांसद सीपी जोशी को जानती है, क्योंकि वह यहां के स्थानीय हैं। बाकी प्रदेश में उन्हें कोई नहीं जानता।




सीपी जोशी के नाम पर सब सिर्फ विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी को ही जानते हैं।

जिस बयान का जवाब देते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा को राजस्थान और लक्ष्मणगढ़ की जनता किस तरह से देखती है, उनको आईना देखना चाहिए और खुद मन में चिंतन करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी के लोग जिस स्तर का काम करते हैं, बेशक उस तरह से लोग मुझे नहीं जानते हैं। मुझे लोग जानते हैं तो शहर के विकास के काम के लिए। शहर के सुधार के लिए। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का गुणगान करने के साथ बिजली, पेट्रोल डीजल के दाम महंगाई राहत शिविर पर राज्य सरकार को जमकर घेरा।

### इंदिरा गांधी का देश सम्मान करता है

राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए जोशी ने कहा कि राजस्थान में ऐसी सरकार है जो वर्ष 2018 में झूठ की बुनियाद के आधार पर जीत कर सत्ता में आई। उन्होंने कहा था किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करेंगे, युवाओं को रोजगार देंगे और बेरोजगारों को भत्ता देंगे। अब जब सत्ता जाती हुई दिखी तो सरकार लोगों को योजनाओं के माध्यम से भ्रमित कर रही हैं। भाजपा की सरकार ने कभी कोई योजना बंद नहीं की। यह काम हमारा नहीं है बल्कि कांग्रेसियों का है।

### भ्रष्टाचार को लेकर साधा निशाना

जोशी ने भ्रष्टाचार को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरपीएससी व बोर्ड जैसी संस्था में भ्रष्टाचार का खेल खेला गया। उन्होंने राहत कैंप पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिरकार गहलोत सरकार साढ़े 4 साल क्या कर रही थी। यदि जनता को वास्तव में राहत देनी थी तो इतने साल क्यों सोई रही। कांग्रेस को राहत देनी ही है तो अपने कार्यकाल के दौरान पेट्रोल डीजल पर वसूल गई अधिक राशि को जनता के खाते में डालें। बिजली की बढ़ी दरों की राशि फिर से जनता को लौटाए।

---

**बेनीवाल की चुनावी हुंकार**

# बीकानेर में आज होगी किसान महापंचायत

■ जून महीने में बेनीवाल करेंगे चार बड़ी रैलियां

बेधड़क | जयपुर



आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल शुक्रवार से अपना चुनावी बिगुल बजाते हुए जन हुंकार रैली करेंगे। वहीं जून महीने में बेनीवाल 4 बड़ी रैलियां करेंगे।

बेनीवाल शुक्रवार को बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ मुख्यालय पर सुबह 11 बजे से प्रदेश के किसानों की सम्पूर्ण कर्जमाफी, स्टेट हाइवे को टोल फ्री करने और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर किसान महापंचायत करेंगे। दरअसल राजस्थान की सियासत को लेकर लगातार वसुंधरा-गहलोत के गठजोड़ और बीजेपी को विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल करार देने वाले बेनीवाल ने अभी राजस्थान को लेकर अपने चुनावी पत्ते नहीं खोले हैं। बेनीवाल 12 जून को रिया नागौर, 15 को कोलायत बीकानेर, 17 को टोंक, 20 जून को भीलवाड़ा और 22 जून को नोहर में एक बड़ी रैली और सभा करेंगे।

## जरूरी खबर

### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के निर्माण का निरीक्षण



**जयपुर।** जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ राजेन्द्र सिंह शेखावत ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के निर्माण का निरीक्षण किया। शेखावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट द्वारा करवाए जा रहे हैं मील का पत्थर साबित होने चाहिए, ताकि केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय की मंशा पर खरा उतर सकें। शेखावत ने सीईओ नियुक्त होने के बाद अधिकारियों व प्रोजेक्ट से जुड़ी एजेन्सियों के साथ पहली मैराथन बैठक की। परियोजनाओं में आ रही बाधाओं पर चर्चा कर उनका समाधान करते हुए कार्यों को मिशन मोड में पूरे किए जाने के निर्देश दिए।

### जेडीए ने सुओ मोटो के तहत हटाए 62 अतिक्रमण

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-5 में सुओमोटो के तहत दुर्गापुरा, शांति नगर कॉलोनी की रोड सीमाओं को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। रोड सीमा के 62 अतिक्रमणों, चबूतरे, अत्याधिक लम्बीं सीढ़ियां, टीनशेड, लोहे की थड़ी, जालियां, दीवारों से निर्मित एनक्लोज़र को रोड़ सीमा से अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-5 में राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ के द्वारा गुरुवार को दुर्गापुरा, शांति नगर आवासीय कॉलोनी में मकानों, दुकानों के आगे रोड सीमा के दोनों तरफ भूखण्डधारियों द्वारा 62 स्थानों पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाए गए 20 चबूतरों, 4 स्थानों पर लम्बाई में बनीं सीढ़ियों, 01 लोहे की थड़ी, टीनशेड, 02 स्थानों पर सीमेन्ट की जालियां और 35 स्थानों पर लॉन के लिए लोहे के एंगल, जालियां, दीवारों से निर्मित एनक्लोजर का अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**आंदोलन: सैकड़ों मंत्रालयिक कर्मचारी हिरासत में, आज से जल समाधि लेंगे कर्मचारी**

# RTDC चेयरमैन का फ्लैट घेरा, कर्मचारियों-पुलिस में झड़प

बेधड़क | जयपुर

मंत्रालयिक कर्मचारियों को महापड़ाव स्थल पर चल रहे आमरण अनशन को आश्वासन देकर समाप्त करने के बाद भी मांगे पूरी नहीं होने से आक्रोशित मंत्रालयिक कर्मचारी उग्र हो गए। कर्मचारियों ने गुरुवार सुबह सिविल लाइंस स्थित जलदाय मंत्री महेश जोशी के घर का घेराव किया। मंत्री के घर पर नहीं होने से कर्मचारियों ने आरटीडीसी चेयरमैन के फ्लैट की ओर कूच किया।

कर्मचारियों ने राठौड़ आवास के बाहर घेराव कर करीब दो घंटे जमकर नारेबाजी की। इस दौरान राठौड़ कर्मचारियों के बीच पहुंचे। राठौड़ ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर मुख्यमंत्री से वार्ता कर फैसला करेंगे।

धर्मेंद्र राठौड़ ने कर्मचारियों से कहा कि सरकार उनकी मांगों को लेकर संवेदनशील है। राठौड़ ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की जो वित्तीय मांग है, उनके लिए कमेटी बना दी जाएगी और गैर वित्तीय मांग के लिए तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से स्वयं के स्तर पर बात करके कर्मचारी फैसला करेंगे। राठौड़ के आश्वासन से कर्मचारी सहमत नहीं हुए। कर्मचरियों ने कहा कि महापड़ाव करने के बाद सरकार के प्रतिनिधियों ने कई आश्वासन दिए लेकिन पूरे नहीं हुए। अब आश्वासन नहीं फैसला चाहिए।





### सैकड़ों कर्मचारी लिए हिरासत में

सिविल लाइन क्षेत्र में धारा 144 तोड़ कर बड़ी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी राठौड़ के आवास के बाहर इकठ्ठा होकर नारेबाजी करने लगे। घेराव के दौरान कर्मचारियों और पुलिस प्रशासन की हल्की झड़प हो गई। कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की भी हुई। बढ़ते विरोध को देखते हुए पुलिस ने कई कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया, जिन्हें विद्याधर नगर थाने ले जाकर छोड़ दिया गया।

### रंधावा को सौंपा ज्ञापन

राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी के प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी ने गुरुवार सुबह सर्किट हाउस में कांग्रेस के प्रभारी सुखविंदर सिंह से मुलाकात कर कर्मचारियों का मांग पत्र सौंपा। रंधावा ने मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने शुक्रवार से जल समाधि लेने के फैसला किया है। घेराव में मुकेश मुदगल, सुनील मोदी, सतवीर सिंह राजावत, विजय सिंह राजावत, संपत राम रामजीलाल मीणा, प्रदीप सिंह जगावत, राकेश बारा, राकेश मौड़, दिनेश स्वामी, उषा शर्मा सहित भारी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी शामिल रहे।

**इधर, वन कर्मचारी बैठे अनशन पर**

मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा शहीद स्मारक पर किये जा रहे क्रमिक अनशन के गुरुवार को 85 दिवस पूर्ण हो गए। कोर कमेटी सदस्य सुरेश धाभाई ने बताया कि गुरुवार को वन विभाग की विभागीय समिति अध्यक्ष प्रकाश चंद यादव के नेतृत्व में मनोज कुमार शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, नरसी लाल सैनी और जितेंद्र शर्मा क्रमिक अनशन पर बैठे।

**ई- ठगी करने वालों पर पुलिस का शिकंजा**

# जयपुर बनाया ठिकाना, ठगी अमेरिका में... बुजुर्ग निशाना

■ जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम की कार्रवाई: चार जगह पर छापा, 40 आरोपी गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान इंटेलिजेंस की सूचना पर जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शहर में चार जगह छापा मारकर विदेशों में बैठे लोगों से ठगी करने वालों को पकड़ा है।

यह गिरोह पीसी पर हैकिंग का मैसेज भेजकर और लीगल शिकायत मिलने की बात करते हुए अलग-अलग वेबसाइट से अमरीका में बैठे लोगों को टारगेट कर उनसे ठगी कर रहा था। कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि भांकरोटा, करणी विहार, चित्रकूट व रामनगरिया में चल रहे चार कॉल सेंटर्स पर पुलिस ने कार्रवाई कर 40 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें युवतियां भी शामिल हैं। ये बदमाश जयपुर, नागालैंड, महाराष्ट्र, गुजरात सहित अलग-अलग इलकों के रहने वाले हैं। गिरोह के सरगना अंकित सैनी, अभिषेक सैनी व मोहित कुमावत हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर और इनके इलेक्ट्रोनिक उपकरण व गैजेट्स की जांच कर रही है।



### बिटकॉइन में करते थे वसूली

इस गिरोह की ओर से फर्जी कॉल सेंटर बनाकर मोबाइल एप्लीकेशन से ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था। आरोपी अलग-अलग एप्लिकेशंस और तकनीक का प्रयोग करते हुए यूएसए के बुजुर्गों को निशाना बनाते थे। ये उनका इंटरनेट डेटा और कंप्यूटर सिस्टम हैक कर यह वारदातों को अंजाम देते थे। विदेशी लोगों को टारगेट कर उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी होने की धमकी देते थे। टैक्सास से जारी फर्जी न्यायिक आदेश की कॉपी भेजकर डराते थे। जब इन्हें लगता कि टार्गेट युवक पूरी तरह से इनके चंगुल में आ गया है तो यह मामला निपटाने और अरेस्ट वारंट निरस्त करने के नाम पर बिटकॉइन में वसूली करते हैं।

### इन्वेस्टमेंट, मुनाफे का झांसा

कमिश्नरनेट की स्पेशल टीम ने करधनी थाना इलाके में इस गिरोह के 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर 12 मोबाइल जब्त किए हैं। यह शातिर बदमाशों ने प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों और विदेशों में बैठे लोगों को टार्गेट कर ठगी कर रहे थे। एडि. कमिश्नर कैलाशचंद विश्नोई ने बताया कि इंस्टाग्राम और फेसबुक के माध्यम से इन्वेस्टमेंट प्लान का विज्ञापन शेयर कर लोगों को ठगी करते थे। शुरुआत में 3 से 5 हजार रुपए के इन्वेस्टमेंट पर बड़े मुनाफे का झांसा देते और इसके बाद अलग-अलग चार्जेज के नाम पर वसूली कर ठगी की वारदात को अंजाम देते।

### सर्च वेबसाइट्स पर ढूंढते थे शिकार

एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि रामनगरिया व चित्रकूट में पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में पता लगा कि इन्होंने ऑनलाइन टू पीपल सर्च डॉट कॉम व फास्ट पीपल सर्च जैसी वेबसाइट पर रेंडमली कस्टमर सर्च करके उनको कॉल करते है। कॉल पर उन्हें उनके खिलाफ लीगल शिकायत मिलने की बात करते हुए वारंट जारी करने की धमकी देकर पैसे मांगते हैं। वहीं, भांकरोटा व करणी विहार से पकड़े गए बदमाश टारगेट लोगों को पीसी पर हैकिंग का मैसेज भेजकर उनकी पहचान को अपराधों में काम में लेने की धमकी देकर पैसे मांगते हैं।

**राजस्थान यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन**

# मुख्य द्वार पर चढ़े छात्र, उग्र आंदोलन की चेतावनी

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान विश्वविद्यालय में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने गुरुवार को उग्र प्रदर्शन किया। छात्र मुलभुत सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर विवि के मुख्य द्वार पर चढ़ गए। पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद छात्र मुख्य द्वार से उतरे और कुलपति के नाम चीफ प्रॉक्टर पल्सानिया को ज्ञापन सौंपा।

छात्र नेता आमिर खान शेखावाटी ने बताया कि विश्वविद्यालय में ई-रिक्शा, फीस में बढ़ोतरी, यूजी और पीजी की सीटों में वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। हिंदवी स्वराज के नेता रिंकू मीणा ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स की जायज मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन देने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई मांगे नहीं मानी गई। इसको को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन किया।

छात्र नेता कोमल मोहनपुरिया ने कहा कि लंबे समय से यूनिवर्सिटी की मांगों को लेकर गांधीवादी तरीके से यूनिवर्सिटी प्रशासन तक कई बार छात्रों की आवाज पहुंचा चुके हैं, लेकिन अब तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अब भी यूनिवर्सिटी प्रशासन नहीं जागा तो आने वाले वक्त में हम उग्र आंदोलन करेंगे।

इस दौरान किशन बैरवा, मोहित यादव, अभिषेक मॉयल,हरकेश, राहुल महला, सुनिल नोडल, पवन कुमार, विनोद भूदोली,रिंकू मीणा, मोहन मान, सहित कई छात्र मौजूद रहे।

**मुस्लिम प्रो. फेडरेशन कमिश्नर से मिला**

## आपत्तिजनक नारे लगाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन (एमपीएफ) के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर आनन्द श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर पिछले दिनों हुई रैली में लगाए गए आपत्तिजनक नारों व हथियार लेकर चलने पर रोष जताया। कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर, आदिल खान व अन्य ने बताया कि इस बात से समुदाय में जबरदस्त आक्रोश है। अब्दुल सलाम जौहर ने बताया कि इस पर कमिश्नर आनन्द श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस प्रशासन बहुत गम्भीरता और मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। नारे लगाने वाले दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही अन्य लोगों के गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है। हथियार लेकर चलने का भी अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा रैली के आयोजकों से भी गहन पूछताछ की जा रही है। उन्हें कमिश्नर ने सख्त कार्रवाई किए जाने और अन्य लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी का पूरा भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम इन्वेस्टिगेशन और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी में लगी हुई है।

## रेल हादसे में घायलों के लगेंगे कृत्रिम अंग

**जयपुर।** भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) ने हॉल ही ओडिसा में ट्रेन दुखांतिका में अंग खो देने वाले यात्रियों के कृत्रिम अंग लगाएगी। इसके लिए बीएमवीएसएस के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डीआर मेहता ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। मेहता ने पत्र में सुझाव दिया कि ऐसे यात्री जिन्हें रेल दुर्घटना के कारण अपने अंग गंवाने पड़े, वह तीन महीने के बाद समिति के जयपुर फुट लगाकर चलने फिरने योग्य हो जाऐंगे।

**दो दिन बाद शहर में हुई बीसलपुर से जलापूर्ति**

## नलों में पानी आया तो अब बिजली करेगी परेशान

बेधड़क | जयपुर

दो दिन बाद शहरवासियों को पानी मिला तो अब बजली कटौती की समस्या खड़ी हो गई। जली कंपनियां मेंटीनेंस के चलते 4 से 6 घंटे तक बिजली की कटौती करेगी। दरअसल सोमवार को बीसलपुर जयपुर पेयजल परियोजना की 2300 एमएम व्यास की एमएस ट्रांसमिशन लाइन में चैनेज 26 किमी पर 400 एमएम व्यास के वाल्व में लीकेज हो गया था। मंगलवार से ही लीकेज रिपेयरिंग का काम चल रहा था, लेकिन बुधवार शाम तक पाइप लाइन ठीक हो पाई थी। गुरुवार सुबह की सप्लाई में करीब 250 से 300 एमएलडी ही पेयजल की सप्लाई हुई। शाम की पेयजल आपूर्ति भी लो प्रेशर के साथ ही हुई। पीएचइडी के एडिशनल चीफ इंजीनियर आरसी मीणा ने बताया कि शहर में शुक्रवार से पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी। शुक्रवार को मानसरोवर, सांगानेर क्षेत्र सहित कई इलाकों में मेंटेनेंस के कारण बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। बिजली कंपनी के अनुसार शुक्रवार बिजली कटौती तीन अलग अलग समय में होगी। शहर में सुबह 8 बजे से मेंटेनेंस शुरू होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा।

### कहां, कितने बजे कटौती

बिजली कम्पनी के अनुसार सुबह 8 से 12 बजे तक कालवाड़ रोड, पटेल नगर, लता सर्किल, हस्तकला, सिवार गांव, भुताली राज विहार बालाजी सिटी, निरंजन विहार, हनुमान वाटिका, पंच्यावाला, नारायणपुरी, पूनम मार्केट, सिवार गांव, भुताली, रंगोली गार्डन, सिल्वर क्राउन, मॉल ऑफ़ जयपुर, एसडीसी, अनिल स्टील, रॉयल ग्रीन, सेवेन हेवेन, अमल्टास प्लैटिनम के इलाके में बिजली कटौती होगी। वहीं सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सुखीजा विहार, भयाम विहार, गोविंदम रेजीडेंसी, गणपति विहार, निठारवालो की ढाणी, टॉयलर स्कूल, ग्रैंड रेजीडेंसी, कनक वृदावन, कुंडा की ढाणी, संम्पुर्ण कुंडा रोड पर और सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक मानसरोवर क्षेत्र में सेक्टर 90, 91, 94 सेक्टर तक्षशिला स्कूल आईजीएम स्कूल, मीरा मार्ग शोपिंग सेंटर क्षेत्र में बिजली कटौती होगी।

**कलेक्ट्रेट में 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक**

# तैयारी से नहीं आने पर अधिकारियों को पड़ी लताड़

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान ने गुरुवार को जयपुर जिला कलक्ट्रेट सभागार में 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों के तैयारी के साथ नहीं आने पर रफीक खान ने नाराजगी जताई और उन्हें लताड़ भी लगाई। खान ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर नाराज होते हुए कहा कि तैयारी के साथ नहीं आएं अधिकारियों पर एक्शन लेंगे। बैठक में खान ने अधिकारियों से अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी हुई कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में जेडीए, निगम, शिक्षा विभाग, आवासन मंडल आदि विभागों के अधिकारी शामिल हुए।



### अल्पसंख्यक समुदाय के लिए शिक्षा एवं रोजगार बड़ा मुद्दा

बैठक में उन्होंने कहा कि वर्तमान में अल्पसंख्यक समाज के लिए शिक्षा एवं रोजगार दो बड़ी प्राथमिकताएं हैं। ऐसे में विभागीय अधिकारी शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करें। उन्होंने उर्दु शिक्षण के लिए अधिक संसाधन जुटाने एवं अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों के नैसर्गिक विकास के लिए अल्पसंख्यक आबादी बहुल इलाकों में आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी एवं साथिन के संवर्ग में भी अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## राज्यसभा सांसद ओम माथुर ने भेंट की एम्बुलेंस



बेधड़क | जयपुर

वरिष्ठ भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद ओम माथुर ने गुरुवार को अत्याधुनिक सुविधाओं और 50 लाख की रुपए की लागत से तैयार आईसीयू ऑन व्हील्स एंबुलेंस एसएमएस मेडिकल कॉलेज को भेंट की।

माथुर ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह एम्बुलेंस चलता फिरता आईसीयू है। यह शायद राजस्थान की अपनी तरह की पहली एम्बुलेंस है, जो एमपी फंड से दी गई है। इस दौरान उनके साथ जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, ग्रेटर डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, अस्पताल अधीक्षक डॉ.अचल शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि व डॉक्टर्स मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### अंतरराज्यीय लूट गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार



**दौसा।** थाना महुवा पुलिस टीम ने हाईवे पर लूट और चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनसे एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, लॉक तोड़ने की मास्टर चाबी और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। एसपी संजीव नैन ने बताया कि बदमाश जुबेर उर्फ जावेद (21) निवासी गुरनामट थाना ताबडू जिला नूंह हरियाणा और श्रीराम मीणा (41) निवासी घूमणा थाना मानपुर जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पहले भी कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इसके चलते इनसे अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### जबरन फेरे लेने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जिले के सांखला गांव में युवती का अपहरण कर जबरन शादी करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक बोलेरो कार भी बरामद की है। हालांकि फोर्च्यूनर गाड़ी और अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि इस मामले में कुल सात आरोपी हैं, जिनमें से अभी तक चार गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सांखला गांव का युवक त्रिलोक सिंह इस मामले में आरोपी था। इस युवक को मोहनगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी और एक महिला की तलाश जारी है।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे उदयपुर



**उदयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत गुरुवार को उदयपुर पहुंचे। वे यहां दो दिवसीय प्रवास के दौरान 40 वर्ष से अधिक उम्र के स्वयंसेवकों के विशेष द्वितीय वर्ष प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। भागवत 5 दिवसीय प्रदेश के प्रवास पर हैं। इससे पहले वह हिंडौन में आयोजित स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए थे, जहां से वे ट्रेन से उदयपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर संघ के स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे कड़ी सुरक्षा के बीच विद्या निकेतन स्कूल के लिए रवाना हुए।

**बरस-बरस म्हारा इंदर राजा:** प्राचीन मान्यता को जिले में पीढ़ी दर पीढ़ी निभाता आ रहा है कोली समाज

# श्रेष्ठ बरसात के लिए 200 सालों से चली आ रही है परंपरा

बेधड़क | भीलवाड़ा

राजस्थान अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए देश के साथ-साथ पूरे विश्व में भी प्रसिद्ध है। राजस्थान की प्राचीन और पौराणिक परम्पराएं अपने आप को खास बनाती हैं। राजस्थान में कई ऐसे समाज हैं, जो अपनी प्राचीन परंपराओं को लेकर जाने जाते हैं।

इन्हीं में से एक समाज है, जो अच्छी बारिश की कामना और इंद्रदेव को मनाने के लिए पूजा पाठ करते हैं। भीलवाड़ा में कोली समाज पिछले 200 सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी इंद्रदेव की पूजा की परंपरा को निभा रहा है। समाज देश और प्रदेश में श्रेष्ठ मानसून की कामना से हर वर्ष इन्द्र देव की विशेष पूजा करता है। इस दौरान इन्द्र देव की पूजा कर अच्छी बारिश की प्रार्थना करते हैं।

जिले के शाहपुरा में कोली मोहल्ला शिव मंदिर से कोली समाज की ओर से पिछले दिनों पूर्णिमा पर इंद्र देवता की पूजा करके की गई। कोली समाज विकास संस्था के अध्यक्ष नरेश कुमार कोली ने बताया कि समाज प्रारंभ से ही पर्यावरण और खेती प्रिय रहा है। इसी के चलते पिछले 200 सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी हम अच्छी बारिश और भगवान इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए पूजा पाठ की परंपरा निभाते आ रहे हैं।



### गाजे-बाजे के साथ निकली जोत

इस बार यह पूजा कोली मोहल्ला स्थित शिव मंदिर से शुरू हुई। इसके बाद गुड़ गली, माता मंदिर पर धूप देखकर, सिर पर कलश लेकर कोली समाज के लोग एकत्र हुए। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ भगवान की जोत लेकर नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा पाठ की। इस आयोजन में बड़े बूढ़े और बच्चे सभी शामिल हुए। छोटे-छोटे बच्चे हाथों में झंडे लेकर कोली मोहल्ला से शहर के मुख्य मार्ग, सदर बाजार, बालाजी की छतरी होते फूलिया गेट पहुंचे। वहां पर बरसात के लिए गोबर से लेप कर पानी का कलश भरकर भगवान इंद्रदेव को मनाने के लिए पूजा-अर्चना की गई। इससे पूर्व विभिन्न मोहल्लों में स्थित शिव मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर, ब्रह्माणी माता मंदिर, देवनारायण मंदिर, आईनाथ माता मंदिर में बरसात के लिए सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित करने के बाद परंपरा के अनुसार पूजा-पाठ किया गया।

### बच्चे भी होते हैं शामिल

इन्द्र देव को प्रसन्नता के लिए इस परंपरा को निभाने में बुजुर्ग की नहीं बल्कि छोटे बच्चे उत्साहित रहते हैं। वे भी बड़ों के साथ इस पूजा में शामिल होते हैं। नरेश कुमार कोली बताते हैं कि इसके लिए हम शाहपुरा कस्बे के विभिन्न मंदिरों में जाकर भगवान इंद्र देव को रिझाने के लिए पूजा पाठ करते हैं, जिससे क्षेत्र में अच्छी बरसात हो और फसलें बढ़िया हो। इसके लिए हम गाजे बाजे के साथ शाहपुरा नगर में भगवान की जोत निकालते हैं। अंत में फूलिया गेट से सदर बाजार होते हुए पिवनिया तालाब भैरू नाथ के मंदिर पर पहुंचकर चावल की धूप लगाकर प्रसाद वितरित करते हैं। हम भगवान इंद्रदेव से यह कामना करते हैं कि इतनी बारिश हो कि यह तालाब भर जाए।

**पारिवारिक कलह:** पति-पत्नी में कहासुनी, 3 साल के बेटे की हत्या

# निर्दयी पिता ने अपने ही कलेजे के टुकड़े को कुल्हाड़ी से काटा

■ रात में घर से गायब रहा, सुबह आकर पत्नी से झगड़ा

बेधड़क | चूरू

जिले के राजलदेसर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पति-पत्नी के बीच हुई कहासुनी में मासूम की जान पर बन आई। गुस्साए पिता ने अपने ही कलेजे के टुकड़े की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। तीन साल के मासूम को जब मां ने खून से लथपथ देखा तो वह चिल्लाई।

शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाला देवर दौड़कर मौके पर पहुंचा और मासूम को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार पति किसी काम से बाहर गया हुआ था, जो कि सुबह घर पहुंचा। इस पर पत्नी ने उसे उलाहना दिया। पति को यह बात इतनी नागवार गुजरी की उसने गुस्से में अपने तीन साल के बेटे की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। थानाधिकारी रतनलाल ने





बताया कि प्रेमनगर निवासी किशोर कुमार पुत्र सुगनाराम जाट ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें किशोर ने बताया कि उसका बड़ा भाई प्रहलाद (25) परिवार के साथ ढाणी में अलग मकान बनाकर रहता है। बाकी भाई एक साथ रहते हैं। प्रहलाद के 2 बेटे लोकेश (3) और भरत (1) थे। मंगलवार को किसी काम से प्रहलाद घर से बाहर गया था।

बुधवार सुबह 7 बजे लौटा। घर आने पर भाभी रजनी ने पति प्रहलाद से कहा कि आप थोड़ा भी ध्यान नहीं रखते कि ढाणी में आपके बच्चे अकेले हैं। रात भर घर से बाहर क्यों रहते हो। इस बात पर दोनों में झगड़ा हो गया। किशोर ने बताया कि झगड़ा होने पर प्रहलाद गुस्से में आ गया और घर में रखी कुल्हाड़ी उठाकर अपने 3 साल के बेटे लोकेश की गर्दन पर वार कर दिया।

इससे लोकेश मौके पर ही ढेर हो गया। उसकी भाभी जोर से चिल्लाई तो वह दौड़कर भाई के घर पहुंचा। वहां जाकर देखा तो मासूम भतीजा लोकेश खून से लथपथ पड़ा था और भाई प्रहलाद के हाथ में कुल्हाड़ी थी। किशोर ने भतीजे लोकेश को गोद में उठाया और रतनगढ़ अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।

एसपी राजेश कुमार मीना ने बताया कि आरोपी पिता को डिटेन कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

### एक ही जगह हुई थी 3 भाइयों की शादी

थानाधिकारी रतनलाल ने बताया कि आरोपी प्रहलाद के दो छोटे भाई हैं। इन तीनों भाइयों की शादी सुजानगढ़ तहसील की कालेरा की ढाणी में करीब 4 साल पहले एक ही घर में हुई थी। शादी के दौरान प्रहलाद की पत्नी रजनी बालिग थी तो उसका ससुराल में आना-जाना शुरू हो गया था, जबकि 2 बहनें छोटी थी, इसलिए परिजनों ने उनको ससुराल नहीं भेजा। कुछ समय बाद ससुराल वालों ने दोनों बहनों को ससुराल भेजने के लिए कहा, लेकिन पीहर वालों ने छोटी होने की बात कहकर मना कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने रिश्ता तोड़ लिया। रजनी के पीहर पक्ष ने उसको भी ससुराल छोड़ने की बात कही, लेकिन वह अपने दोनों बेटों के साथ खुश थी। प्रहलाद पर भी परिवार के लोगों ने रजनी को छोड़ने का दबाव बनाया था।

### पत्नी ने उलाहना दिया तो काट दिया बेटे का गला

प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मंगलवार रात को प्रहलाद घर नहीं आया था। बुधवार सुबह जब वह घर आया तो पत्नी रजनी ने रात को घर नहीं लौटने का उलाहना दिया। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इस दौरान झगड़ा इतना बढ़ गया कि गुस्से में प्रहलाद आपा खो दिया और घर में रखी कुल्हाड़ी से अपने बड़े बेटे लोकेश पर हमला कर दिया। झगड़े के समय उसका छोटा बेटा भरत भी वहीं खेल रहा था। मासूम पर कुल्हाड़ी से वार करने के बाद मां ने शोर मचाया, जिसे सुनकर उसका देवर किशोर दौड़कर मौके पर पहुंचा।

**रात से ही थे दोनों अपने घर से गायब**

# प्रेमी युगल ने मौत को गले लगाया, पेड़ पर लटके मिले शव



बेधड़क | बाड़मेर

जिले में एक प्रेमी युगल की ओर से आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। करीब एक साल से चल रहे प्रेम प्रसंग के बीच गुरुवार को दोनों ने मौत को गले लगा लिया। सरकारी स्कूल में पेड़ पर दोनों के शव फंदे से लटके हुए मिले। जानकारी में सामने आया है कि आत्महत्या से पहले दोनों ने सेल्फी ली और अपने-अपने मोबाइल से वाट्सएप स्टेट्स पर फोटो लगाई। मामला बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थाने के मांगता गांव का है।

धोरीमन्ना थाने के एएसआई और जांच अधिकारी लाखाराम ने बताया कि मांगता निवासी खुशी (19) पुत्री नरेश कुमार और ओमप्रकाश (21) पुत्र बाबुलाल दोनों के प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के घर की दूरी करीब आधा किलोमीटर ही है। दोनों बुधवार रात को ही अपने घर से निकल कर गांव के सरकारी प्राइमरी स्कूल में आ गए थे। यहां दोनों काफी देर तक बैठे रहे।

इसके बाद साथ में सेल्फी लेकर दोनों ने वाट्सएप स्टेट्स पर फोटो लगाई। बाद में स्कूल में पेड़ पर फंदे से लटक कर जान दे दी। गुरुवार सुबह ओमप्रकाश की मां उठी तो वह घर में नहीं था। इसके बाद वह बेटे को ढूंढते हुए सुबह 5 बजे स्कूल में पहुंची। यहां खुशी और ओमप्रकाश के शव लटकते हुए देखकर उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। जानकारी में आया कि युवती की कहीं और सगाई हो चुकी थी।

**जवानों ने कलेक्टर को दिया** गार्ड ऑफ ऑनर

# कारागार की जांची व्यवस्थाएं

बेधड़क | अजमेर

जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने गुरुवार को केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल प्रशासन की ओर से संचालित सुधारात्मक गतिविधियों, कारागृह की आन्तरिक सुरक्षा व बाहरी सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, बंदियों के रख-रखाव आदि की सराहना की।

इस दौरान कलेक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया व जेल ब्रास बैण्ड की ओर से सलामी दी गई। कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने जेल आई.टी.आई. द्वारा संचालित इलेक्ट्रीशियन ट्रेड, कम्प्यूटर



प्रशिक्षण कक्षा में बंदियों से बात कर प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होने जेल पुस्तकालय, उद्योगशाला में संचालित गलीचा बुनाई, सिलाई, साबुन निर्माण, दरी पट्टी, सूती वस्त्र उद्योग, साक्षरता कक्षा का जायजा लिया।

साथ ही जेल कैन्टीन व्यवस्था, जेल की आन्तरिक व बाहरी सफाई व्यवस्था, कारागृह में निरूद्ध बंदियों में अनुशासन, बंदियों के वार्ड एवं बैरिकों में सफाई व्यवस्था, चिकित्सालय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता के लिए प्रशंसा की। कारागृह में संचालित बंदी ऑर्केस्ट्रा बैण्ड द्वारा कार्यक्रम मे मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत किया।

बंदी गौरव एण्ड पार्टी ने 'ऐरी सखी मंगल गावो री...' गीत प्रस्तुत किया। मनोरंजन हॉल में मौजूद सभी बंदियों ने एक सुर में 'इतनी शक्ति हमें देना दाता...' प्रार्थना प्रस्तुत की। कलेक्टर ने बंदियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने जेल नवाचारों को भी देखा।

**पंजाब के हार्डकोर अपराधी सहित** दो आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

# परिवार को बंधक बना लूट का खुलासा

बेधड़क | हनुमानगढ़

थाना टिब्बी क्षेत्र के खारा खेड़ा गांव में 14 मई की रात परिवार को बंधक बना गन पॉइंट पर हुई लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

पुलिस ने पंजाब के हार्डकोर अपराधी बलकार सिंह उर्फ जसप्रीत उर्फ जस्सा उर्फ जसविन्द्र सिंह (45) पुत्र बलवीर सिंह मजबीसिख निवासी थाना मूल्लापुर दाखा जिला लुधियाना पंजाब व उसके साथी विनोद कुमार भाट (26) पुत्र ओमप्रकाश निवासी खाराखेडा



थाना टिब्बी को गिरफ्तार किया गया है। बीकानेर आईजी ओम प्रकाश ने बताया कि 14 मई को वार्ड नंबर-8 खारा खेड़ा निवासी मनोज कुमार यादव ने थाना टिब्बी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि रात 1 से 1:30 बजे के बीच चार नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते से कमरे की खिड़की तोड़ घर में घुस गए और बच्चों पर पिस्तौल तान दी। जब उसने विरोध किया तो एक बदमाश ने पिस्तौल के हत्थे से सिर पर वार कर उसे जख्मी कर दिया। घर मे घुसे तीन बदमाशों के पास पिस्तौल और एक के पास चाकू था। बदमाश उनके घर में बनी दुकान और अलमारी से 10 से 15 तोला सोने-चांदी के आभूषण, 2.3 लाख रुपए नकद और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर ले गए।

आरोपी बलकार सिंह पर पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में करीब 20 मामले दर्ज हैं।

**सांसद दुष्यंत सिंह ने जनता से किया संवाद**

# केंद्र की उपलब्धियां गिनाई, प्रदेश सरकार पर निशाना

बेधड़क | झालावाड़

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय महा जनसंपर्क अभियान के तहत झालावाड़ बारां सांसद दुष्यंत सिंह गुरुवार को झालावाड़ जिले की ग्राम पंचायत सालरी, सोयला, आजमपुर, दुबलिया, सेमलिखाम, दीवलखेड़ा में जनता से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने पेयजल एवं बिजली की समस्याओं को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और शीघ्र ही समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।



सांसद ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया।

उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए सरकार की नाकामियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनेगी और प्रदेशवासियों को शुद्ध पेयजल, हर खेत को पानी और पर्याप्त बिजली मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास की गंगा बहेंगी।

### प्रदेश सरकार को बताया हर मोर्चे पर विफल

सांसद दुष्यंत सिंह ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में बिजली कटौती लोगों के लिए आफत बन गई है। सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने में भी विफल साबित हो रही है। जनता बिजली और पानी के संकट के कारण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सहायक अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम पिड़ावा समेत कई स्थानों पर एईएन-जेएन समेत 16 अधिकारियों व कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने बिजली मेंटेनेंस का कार्य अप्रैल माह में नहीं किया। अब गर्मी के समय मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। जिससे जनता बेहाल हो रही है। सहायक अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि झालावाड़ जिले में सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति की जाए।

### पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि

सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में आम जनता को पर्याप्त पेयजल भी सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जनता पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही हैं। पानी के लिए लोग इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। प्रदेश के कई जिलों में पेयजल के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं झालावाड़ जिले में पेयजल के लिए लोगों को दूर-दराज से जुगाड़ करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए की जिले में जनता को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराएं। वहीं उन्होंने ठेकेदार को भी निर्देश दिए की समय पर गुणवन्ता पूर्ण कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि पानी के लिए जनता को दुखी नहीं करे, अन्यथा आपके खिलाफ कार्रवाई करूंगा।

# सांसद ने कृष्णा सर्किट कार्यों का किया निरीक्षण



बेधड़क | राजसमंद

सांसद दीया कुमारी ने केंद्र सरकार की कृष्णा सर्किट योजना के तहत नाथद्वारा में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे 'विकास तीर्थ कार्यक्रम' के तहत गुरुवार को कृष्णा सर्किट योजना के तहत नाथद्वारा' में 28.50 करोड़ की लागत से किए जा रहे पर्यटक व्याख्या सह सांस्कृतिक केंद्र, कृष्णा सर्किल एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। कृष्णा सर्किट योजना के कार्यों में मिल रही अनियमितता की सूचनाओं पर सांसद दीया कुमारी ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की भ्रष्टाचार और नियम विरुद्ध कार्य करने वाले ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए सरकार से अनुशंसा की जाएगी।

## NCC प्रथम राजस्थान बटालियन का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू, 600 कैडेट्स अनुशासन के साथ लेंगे कड़ा प्रशिक्षण

# नौ दिन की 'साधना' के बाद मजबूती से देशसेवा को निकलेंगे कैडेट्स

बेधड़क | जयपुर

एनसीसी प्रथम राजस्थान बटालियन के 600 कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण कैंप गुरुवार को भवानी निकेतन पीजी महाविद्यालय में शुरू हुआ। एनसीसी के कमान अधिकारी और कैम्प कमांडेंट कर्नल जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में कैडेट्स का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 16 जून तक चलेगा। कैंप कमांडेंट कर्नल सिंह ने शुभारंभ के दौरान कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि कैंप के दौरान कवायद, चांदमारी ,मैप रीडिंग, वाद-विवाद और सांस्कृतिक सहित कई विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सिंह ने कहा कि एनसीसी वर्दीधारी युवाओं का विश्व में सबसे बड़ा संगठन है, जिसका उद्देश्य एकता और अनुशासन है। हमें इस कैंप के दौरान इसे चरितार्थ करना है। एकता और अनुशासन के आधार पर हमें अपने आपको और अपने परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र को शक्तिशाली बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र के युवा अनुशासित हो उस देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने कैडेट्स से कैंप के दौरान साथ मिलकर आगे बढ़ने और अपने अंदर आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करने की अपील की। गौरतलब है कि इस वार्षिक शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से कैडेट्स भाग ले रहे हैं।





### प्रतियोगिताओं से निखरेगा कौशल

नौ दिन के इस शिविर के दौरान प्रतिभागियों को शारीरिक स्तर के साथ ही मानसिक स्तर पर भी मजबूत बनाने की कवायद की जाएगी। कड़े अनुशासन और सख्त दिनचर्या के साथ कैडेट्स को विभिन्न स्किल्स सिखाई जाएंगी जो विपरीत समय में उनके काम आने के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी। सेना के जवानों द्वारा काम में ली जाने वाली यूनिवर्सल टैक्नीक्स विभिन्न विशेषज्ञ कैडेट्स को सिखाएंगे। इसके साथ ही कुछ समय सामाजिक कार्यों के लिए भी दिया जाएगा जिसमें कैडेट्स शिविर स्थल के आसपास की सफाई, आसपास चल रहे सामाजिक कार्यों में सहयोग आदि के काम करेंगे।

## Yuva स्टोरीज



**शॉटपुट में रितु ने जीता ब्रॉन्ज, पांच मुक्केबाज सेमीफाइनल में | जयपुर।** भोपाल, मध्यप्रदेश में चल रहे 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में चूरू की रितु कुमारी ने राजस्थान को कांस्य पदक दिलाया है। रितु कुमारी ने गुरुवार को भोपाल में हुई शॉट पुट स्पर्धा में 13.28 मीटर गोला फेंक कर 19 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 117 खिलाड़ियों के बीच प्रदेश को ब्रोंज मैडल दिलाया। इसके अलावा अलग-अलग भार वर्गों में जोधपुर एवं उदयपुर के पांच मुक्केबाजों ने सेमीफाईनल में प्रवेश कर प्रदेश के खाते में और पदकों की उम्मीद जगाई है। राजस्थान के खिलाड़ियों ने अब तक इन खेलों में दो गोल्ड, दो सिल्वर और एक कांस्य पदक जीते हैं। नेशनल स्कूल गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद आयुक्त डॉ. मोहनलाल यादव और स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि 66वें नेशनल स्कूली गेम्स में भोपाल, ग्वालियर और नई दिल्ली में आयोजित हो रही विविध खेल स्पर्धाओं में राजस्थान के स्कूल शिक्षा विभाग के बैनर तले प्रदेश के खिलाड़ी व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में शिरकत कर रहे हैं। भोपाल से राजस्थान की टीम के चीफ डे मिशन अनिल व्यास ने बताया कि चूरू जिले में टैगोर अकादमी पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, राजगढ़ की छात्रा रितु कुमारी ने ब्रोंज मैडल जीता है। भोपाल में ही बॉक्सिंग मुकाबलों में छात्राओं के 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में जयपुर की यामिनी कंवर, छात्रों के 52-56 किलोग्राम भार वर्ग में उदयपुर के आमिल अली, 60-64 किलोग्राम भार वर्ग में जोधपुर के संकल्प लवानिया, 64-69 किलोग्राम वर्ग में जोधपुर के रितिक सिवाच और 69-75 किलोग्राम वर्ग में जोधपुर के ही अमन घिटेला ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है।




**UGC-NET 13 से, टाइम टेबल जारी | जयपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से यूजीसी नेट जून-2023 परीक्षा का आयोजन 13 से 22 जून तक होगा। एनटीए ने पहले फेज का टाइम टेबल जारी कर दिया है। पहले फेज की परीक्षा 13 से 17 जून तक होगी। परीक्षाएं एनटीए की ओर से निर्धारित सेंटर्स पर दो शिफ्ट में होंगी। पेपर-1 में 100 अंकों के एमसीक्यू पूछे जाएंगे। इस एग्जाम में निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। जो उम्मीदवार यूजीसी नेट जून एग्जाम-2023 में भाग लेने जा रहे हैं उनके लिए एनटीए की ओर से एडमिट कार्ड जल्द जारी किए जाएंगे। एडमिट कार्ड ऑनलाइन जारी किए जाएंगे, ऑफिशियल वेबसाइट ugcnet.nta.nic.in से एडमिट कार्ड को डाउनलोड किया जा सकेगा। एनटीए ने उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड और एक पहचान पत्र साथ लेकर जाने को कहा है। बिना एडमिट कार्ड और पहचान पत्र के एग्जाम सेंटर पर एंट्री नहीं दी जाएगी।

## JOSAA का काउंसलिंग शेड्यूल जारी

बेधड़क | जयपुर

ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (JOSAA) ने आईआईटी, एनआईटी और अन्य केंद्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों में एडमिशन के लिए उम्मीदवारों की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। काउंसलिंग शेड्यूल ऑफिशियल वेबसाइट josaa.nic.in पर देखा जा सकता है। शेड्यूल के मुताबिक काउंसलिंग और च्वॉइस फिलिंग प्रोसेस 19 जून सुबह 10 बजे शुरू होगी। मॉक सीट अलॉटमेंट 25 जून को होगा वहीं आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून है। राउंड-1 की काउंसलिंग का सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 30 जून को आएगा। राउंड-2 का रिजल्ट 6 जुलाई को घोषित किया जाएगा। इस वर्ष JOSAA काउंसलिंग में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, डॉ. हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का पटना और देबगढ़ कैंपस व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी भी जुड़ गया है।

### पांचवें राउंड तक सीट रखना/ छोड़ना जरूरी

23 आईआईटी में एडमिशन के लिए इस बार नियम सख्त कर दिए गए हैं। काउंसलिंग में दूसरे से पांचवें राउंड तक सीट को रखना या छोड़ना जरूरी होगा। वहीं, एनआईटी, आईआईईएसटी (शिवपुर), आईआईआईटी, एसपीए और 33 सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों में काउंसलिंग के दूसरे से छठे राउंड तक सीट छोड़ने का मौका होगा। अप्रवासी भारतीयों के बच्चों को दो साल की रोक के बाद इस बार सभी 114 तकनीकी संस्थानों में एडमिशन का मौका मिल रहा है।

## 30 लाख से ज्यादा को लाभ दिला चुका हक दर्शक

# अनूठी सोच, जो आज बन गई बड़ा बिजनेस





बेधड़क | जयपुर

केंद्र और राज्य सरकारें लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए ढेरों योजनाएं चलाती हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि आप किस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। ढेरों योजनाओं के कारण बड़ी संख्या में लोग पात्र होते हुए भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। देश के ग्रामीण इलाकों में साक्षरता की दर लगभग 67 फीसदी है। ऐसे में गांवों में ये समस्या ज्यादा विकट है। हालांकि शहरों के शिक्षित लोग भी उन सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते, जो उनके लिए बनाई गई हैं। लोगों की इसी समस्या को एक बिजनेस आइडिया बनाकर एक युवा ने ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया जो तमाम सरकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक करने के साथ ही पात्र लोगों को बहुत आसानी से उन योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्षम है। इस प्लेटफॉर्म का नाम है हक दर्शक और इस पेचीदा आइडिया को साकार करने वाले हैं अनिकेत डोगर। हाल ही शार्क टैंक इंडिया सीजन-2 में आ चुके हक दर्शक को अब लोग पहचानते हैं, लेकिन अनिकेत के लिए लोगों को अपने प्लेटफॉर्म से जोड़ना आसान नहीं था। वजह थी उनके टारगेट ऑडियंस का अल्प शिक्षित या अशिक्षित होना। तमाम उतार चढ़ाव के बाद 2015 में शुरू हुआ यह स्टार्टअप अब तक 30 लाख से ज्यादा लोगों की मदद कर चुका है, आईआईएम से लेकर नेस्कॉम तक से ग्रांट जीत चुका है और हक दर्शक एजेंट के रूप में ग्रामीण इलाकों में हजारों लोगों को सम्मानजनक रोजगार दे चुका है। अपने यूनिक आइडिया और उसे मूर्त रूप देने के डेडिकेशन के चलते ये हक दर्शक आज स्टार्टअप शुरू करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए रोल मॉडल बन गया है।

### 20 हजार योजनाओं की रिसर्च में लगा डेढ़ साल

हक दर्शक प्लेटफॉर्म को शुरू करने से पहले अनिकेत और उनकी टीम को उस समय चल रही 20 हजार से अधिक योजनाओं की जानकारी जुटाने के लिए डेढ़ साल रिसर्च करना पड़ा। योजनाओं का डाटाबेस तैयार होने के बाद प्लेटफॉर्म तैयार हुआ तो इसे लोगों तक पहुंचाना बड़ी चुनौती थी। इससे निपटने के लिए अनिकेत और उनकी टीम ने बी टू बी काम करना शुरू किया और दूसरी एजेंसीज का सर्विस प्रोवाइड करना शुरू किया। फिलहाल उनकी कंपनी का 80 फीसदी काम बी टू बी और 20 फीसदी बी टू सी है।

### ग्रामीण युवाओं को दिया रोजगार

जो खास बात हक दर्शक को अलग बनाती है वह है इसकी ग्रामीण इलाकों में पहुंच बनाने की अप्रोच। हक दर्शक ने ग्रामीण इलाकों में सामान्य पढ़े लिखे युवाओं को हक दर्शक एजेंट के तौर पर नौकरी दी है। ये युवा अपने अपने इलाकों में लोगों को जागरुक कर उन्हें एप से जोड़ते हैं। इससे जहां लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा फायदा मिल पाता है वहीं एजेंट्स भी अपना जीवनयापन कर पाते हैं। कई इलाकों में एजेंट्स की लोकप्रियता का आलम ये है कि उन्होंने ग्राम पंचायत या पंचायत समिति के विभिन्न पदों के चुनाव तक जीते हैं।

### ऐसे काम करता है सिस्टम

हक दर्शक अपनी वेबसाइट व एप के माध्यम से लोगों को सुविधा मुहैया कराता है। इसके तहत कन्ज्यूमर को अपना रजिस्ट्रेशन कर डिटेल्स देनी होती हैं। इनके आधार पर उसके लिए उपलब्ध योजनाओं की जानकारी उसे मिलती है।

### मोटिवेशन मंत्र

- अगर बिजनेस करना है तो अपने आसपास चल रही किसी बड़ी समस्या पर रिसर्च करें।
- समस्या के बेहतरीन समाधान के लिए संभावित स्टेप्स के बारे में जानकारी जुटाएं।
- शुरुआती बाधाओं से डरे बिना, रुके बिना लगातार चलते रहें।



## राजीव अरोड़ा ने किया उद्घाटन

# RUHS में येलो फीवर वैक्सीनेशन केंद्र शुरू

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएस) में गुरुवार को येलो फीवर टीकाकरण केंद्र का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, आरयूएचएस के वीसी डॉ. सुधीर भंडारी, डॉ. अजीत सिंह, फोर्टी के चेयरमैन सुरेश अग्रवाल व अन्य चिकित्सकगण मौजूद रहे। राजीव अरोड़ा ने केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि कोरोना के समय आरयूएचएस ने जिस प्रतिबद्धता के साथ प्रदेशवासियों की सेवा की वह अभूतपूर्व है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया में मेडिकल हब के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा है। यहाँ का सवाई मान सिंह अस्पताल आज अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ भारत का अत्याधुनिक अस्पताल बन चुका है।

गौरतलब है कि अफ्रीकी व कुछ मध्य अमरीकी देशों में येलो फीवर का प्रकोप होने के कारण वहां यात्रा करने से पहले इसका टीका लगवाना आवश्यक होता है।

जयपुर से हर माह तीन सौ से चार सौ लोग येलो फीवर से प्रभावित देशों में जाते हैं। आरयूएचएस में यह केंद्र खुलने से इन लोगों को सुविधा मिलेगी।

## CUET-PG के एडमिट कार्ड जारी




बेधड़क | जयपुर

एनटीए ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट- पीजी (सीयूईटी पीजी)-2023 की 9, 10 और 11 जून की परीक्षाओं में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। सीयूईटी पीजी की आधिकारिक वेबसाइट https://cuet.nta.nic.in पर एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, उम्मीदवार एडमिट कार्ड में दिए गए अपने व्यक्तिगत विवरणों की जांच कर डाउनलोड कर सकते हैं। इससे पहले एनटीए ने 5 से 8 जून की परीक्षाओं के लिए सीयूईटी (पीजी) एडमिट कार्ड 2023 जारी किया था।

एनटीए के मुताबिक जिन उम्मीदवारों की परीक्षाएं 11 जून के बाद की तारीखों में निर्धारित हैं, उनके लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप और एडमिट कार्ड भी बाद में जारी किए जाएंगे।

**जेईसीआरसी** | **युवा संवाद का आयोजन**

# कॉलेज स्टूडेंट्स से रूबरू हुए 'जनता के कलेक्टर'

बेधड़क | जयपुर

जेईसीआरसी के स्टूडेंट्स गुरुवार को देश-दुनिया की बेहतरी के सार्थक विचारों से रूबरू हुए। मौका था राष्ट्रीय सेवा योजना और पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित 'युवा संवाद' का। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में आईएएस डॉ. समित शर्मा शामिल हुए।

उनके साथ विचारों के आदान प्रदान के लिए कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के संकाय सदस्यों, विभाग प्रमुखों व डीन्स के साथ 150 से स्टूडेंट्स ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत युवा संवाद और पंच प्राण के परिचय के साथ हुई। इसके बाद प्रो. डॉ. रुचि सेठ ने डॉ. समित शर्मा का स्वागत किया। जेईसीआरसी विश्वविद्यालय में डीन रिसर्च प्रो. संजय शर्मा द्वारा संचालित एक पैनल चर्चा इस आयोजन में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसमे डॉ. समित शर्मा ने स्टूडेंट्स के साथ संवाद कायम करते हुए उनके सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में कुछ समय पहले यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।



### जेनेरिक दवा, ग्रीन चित्तौड़गढ़ पर चर्चा

डॉ. समित शर्मा ने अपने जीवन के अनुभवों और अपने अब तक के कार्यों के बारे में बात की। उन्होंने स्थानीय आबादी के लिए सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए 27 अस्पतालों में कम लागत वाली जेनेरिक दवा की दुकानों की स्थापना के बारे में स्टूडेंट्स को जानकारी दी। इसके अलावा डॉ. शर्मा ने 'मिशन ग्रीन चित्तौड़गढ़' अभियान के सफल लॉन्च पर प्रकाश डाला, जहां पर्यावरण संरक्षण के लिए 1.5 मिलियन पेड़ लगाए गए है। पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी शासन प्रणाली के माध्यम से लोक प्रशासन में क्रांति लाना डॉ. शर्मा की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है। इसी के चलते उन्हें 'जनता का कलेक्टर' की उपाधि भी मिली हुई है। सत्र के दौरान डॉ. शर्मा ने 'मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना' का भी संक्षिप्त विवरण दिया जो प्रतिदिन तीन लाख रोगियों को मुफ्त आवश्यक दवाएं प्रदान करती है। जेनेरिक दवा के महत्व को स्पष्ट करने के लिए टीवी शो सत्यमेव जयते की क्लिप दिखाई गई जिसमें डॉ. समित शर्मा बतौर मेहमान शामिल हुए थे।

### नेपाल के प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की भारत यात्रा

# सभ्यतागत संबंधों को नई ऊर्जा




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' की भारत यात्रा ने दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों को मिठास से भर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के साथ संबंधों को हिमालय जितनी ऊंचाई पर ले जाने के संकल्प के साथ सभी विवादित मुद्दों को सहज भाव से सुलझाने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के साथ भारत के शानदार रिश्ते की अहमियत पर बल देते हुए हुए कहा कि उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के तीन महीने के भीतर नेपाल की पहली यात्रा की और हिट (HIT) फॉर्मूला (हाईवे, आई-वे और ट्रांस-वे) दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि गत नौ वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी हिट रही है। दोनों देशों ने सभ्यतागत संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए कई समझौतों पर सहमति जतायी है। इन समझौतों में नेपाल के शिरशा एवं जुलाघाट में दो पुल का निर्माण, मोतिहारी अमलेहगंज पाइपलाइन को चितवन तक ले जाने का प्रस्ताव, रुपईडीहा और नेपालगंज में एकीकृत जांच चौकियों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन, पनबिजली में सहयोग, चितवन और झापा में नए स्टोरेज टर्मिनल, नेपाल के लोगों के लिए नए रेलमार्ग, अंतरदेशीय जलमार्ग सुविधा का प्रावधान, भारतीय रेल संस्थानों में नेपाली रेलकर्मियों को प्रशिक्षण, रामायण सर्किट से संबंधित परियोजानाओं में तेजी लाना इत्यादि प्रमुख है। इसके अलावा बिहार के बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड के लिए एक मालवाहक रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखायी गयी।

*"प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के साथ भारत के शानदार रिश्ते की अहमियत पर बल देते हुए हुए कहा कि उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के तीन महीने के भीतर नेपाल की पहली यात्रा की और हिट (HIT) फॉर्मूला (हाईवे, आई-वे और ट्रांस-वे) दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि गत नौ वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी हिट रही है। दोनों देशों ने सभ्यतागत संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए कई समझौतों पर सहमति जतायी है।"*

इन समझौतों पर मुहर लगने के बाद अब दोनों देश एकदूसरे के बेहद करीब आएंगे और कुछ मसलों पर उपजी गलतफहमियां दूर होंगी। वैसे भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कह चुके हैं कि रक्षा व सुरक्षा में भारत नेपाल के साथ है और उसे इत्मीनान हो जाना चाहिए कि नेपाल की शांति व सुरक्षा के लिए कोई भी खतरा भारतीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरे जैसा है। यानी नेपाल के मित्र भारत के मित्र हैं और नेपाल के शत्रु भारत के शत्रु हैं। यह सच्चाई भी है कि हिमालय की उपत्यका में बसा नेपाल का भारत से ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंध रहा है। लेकिन विगत दशकों में दोनों देशों के बीच कुछ मसलों पर दूरियां बढ़ी हैं जिसकी वजह से चीन को नेपाल के निकट जाने का मौका मिला। यहां ध्यान देना होगा कि चीन द्वारा तिब्बत को हस्तगत किए जाने के बाद से भारत-चीन संबंधों में नेपाल की सामरिक स्थिति का महत्व बढ़ा है। यही कारण है कि चीन भारत के खिलाफ नेपाल को अपने पाले में खड़ा करने की हरसंभव कोशिश करता है। लेकिन भारत-नेपाल के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों के कारण चीन की खतरनाक मंशा पूरी होने वाली नहीं है। उसका कारण यह है कि नेपाल को लेकर भारत की भूमिका सदैव बड़े भाई की रही है। आजादी के बाद से ही भारत नेपाल को हर तरह का प्रशिक्षण, तकनीकी और गैर तकनीकी सहयोग देता आ रहा है। अभी गत वर्ष ही भारत आए नेपाली प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस से हरी झंडी दिखाकर बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था के बीच चलने वाली ट्रेन को रवाना कर आठ साल से बंद रेल सेवा को पटरी पर दौड़ाया। तब दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने बिजली ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन और नेपाल में भारत के रुपे भुगतान कार्ड की शुरुआत कर एक नए अध्याय की नींव रखी।



*नेपाल को लेकर भारत की भूमिका सदैव बड़े भाई की रही है। आजादी के बाद से ही भारत नेपाल को हर तरह का प्रशिक्षण, तकनीकी और गैर तकनीकी सहयोग देता आ रहा है। अभी गत वर्ष ही भारत आए नेपाली प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस से हरी झंडी दिखाकर बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था के बीच चलने वाली ट्रेन को रवाना कर आठ साल से बंद रेल सेवा को पटरी पर दौड़ाया।*

गौर करें तो भारत ने नेपाल की कई परियोजनाओं में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया है। इनमें देवी घाट, त्रिशुल करनाली और पंचेश्वर जल विद्युत परियोजनाएं अति महत्वपूर्ण हैं। भारत त्रिभुवन गणपथ, काठमांडु त्रिशुली मार्ग तथा त्रिभुवन हवाई अड्डा के निर्माण में भी सहयोग किया है। इसके अलावा भारत नेपाल के भू वैज्ञानिक अनुसंधान तथान खनिज खोजबीन के काम में भी मदद कर रहा है। भारत ने काठमांडु घाटी के एक उप नगर पाटन में एक औद्योगिक बस्ती की स्थापना कर रिश्ते को ऊर्जा से भर दिया है। लेकिन यह विडंबना है कि नेपाल के मन में कुछ आशंकाएं हैं। मसलन वह अब भी भारत के संदर्भ में जूनियर भागीदार के मनोविज्ञान से ग्रसित है तथा दक्षिण के पड़ोसी के आधिपत्य की आशंका का भूत उसे सताता रहता है। नेपाल भारत और चीन के साथ समदूरी सिद्धांत के आधार पर संबंधों का निर्वहन करना चाहता है। देखें तो यह उसकी परंपरागत नीति भी है। 1769 में आधुनिक नेपाल की स्थापना के साथ ही उसके निर्माता पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल की विदेश नीति निर्धारित कर दी थी। उन्होंने कहा था कि नेपाल देश दो चट्टानों के बीच खिले हुए फूल के समान है। हमें चीनी सम्राट के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने चाहिए तथा हमारे संबंध दक्षिणी सागरों के सम्राट से भी संबंध मधुर होना चाहिए। नेपाल आज भी उसी पुरानी नीति पर कायम है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी लगातार दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने की कोशिश कर रहे हैं।

याद होगा प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल की संसद को संबोधित करते हुए विश्वास दिलाया था कि वह भारत के सवा करोड़ लोगों की ओर से दोस्ती और सद्भावना का संदेश लेकर आए हैं। उनकी इच्छा है कि भारत और नेपाल विकास की डगर पर कंधा से कंधा मिलाकर चले। यह सच्चाई है कि नेपाली शासक और चीन के प्रबल पक्षधर राजा ज्ञानेंद्र को नेपाली जनता द्वारा खारिज किए जाने के बाद भी आज वहां चीन की पक्षधरता वाले लोगों की कमी नहीं है। बदलते परिदृश्य पर गौर करें तो नेपाल में एक ऐसा वर्ग तैयार हो गया है जो अपने यहां चीन की दखलादांजी को अनुचित नहीं मानता। चीन इस तथ्य से अवगत है। अपने सामरिक हित के लिए वह नेपाल में रेलवे लाईन बिछाने से लेकर बेहतरीन सड़कों के निर्माण का कार्य कर रहा है। वह शिक्षा और बिजली-पानी के क्षेत्र में भी नेपाल की बढ़-चढ़कर मदद कर रहा है। नेपाली माओवादी भी भारत-नेपाल रिश्ते में अवरुद्ध पैदा करना चाहते हैं। वे 1950 की भारत-नेपाल मैत्री संधि का शुरुआत से विरोध कर रहे हैं। यह प्रावधान इसलिए है कि नेपाल को हथियारों के आयात की आवश्यकताओं की भारत से ही पूर्ति की जा सके और उसे अपनी विदेशी मुद्रा इस पर खर्च न करनी पड़े। उचित होगा कि नेपाल भारत को लेकर किसी तरह का भ्रम न पाले।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

## यह पर्दा कब उठेगा




डॉ. तीरथ सिंह खरबन्दा
व्यंग्यकार


एक दिन अकस्मात सत्ता के गलियारों में सफेदलिबास धारिणी सत्तासुंदरी की मुलाकात कालेधन से हो गई। तब मनमोहक सत्तासुंदरी ने उससे मुस्कुराते हुए पूछा- तू भला इतना काला क्यों है? तब कालेधन ने उसे हंसते हुए कहा- चल झूठी क्या तुझे खबर नहीं है कि मैं तो तेरे प्यार में पड़कर ही काला हुआ जाता हूं, वरना उससे पहले तक तो मैं भी अच्छा भला, गोरा-चिट्टा हुआ करता था। तेरे प्यार के चक्कर में ही मैं बदनाम हो गया हूं।

कालेधन की बातों, अदाओं और बलशाली भुजाओं पर सत्तासुंदरी का दिल अब पूरी तरह आ चुका था। मानों वह अब रंगभेद से पूरी तरह ऊपर उठ चुकी थी। वे दोनों अक्सर हर जगह साथ-साथ देखे जाने लगे। हालत यह हो गई कि सत्तासुंदरी का दिल कालेधन के बगैर धड़कना मुश्किल हो गया। कालेधन को देखते ही उसकी धड़कनें तेज हो जातीं। लोग कहते कि अब वे दो दिल मगर एक जान हैं। लोग उनके बारे में तरह-तरह की बातें करते और कहते कि वे दोनों दिन–रात, यहां-वहां, पता नहीं कहां-कहां अक्सर छुप-छुप कर मिलते रहते हैं ।

कालाधन कहता- हे, सत्तासुंदरी मुझे डर है कि कहीं किसी दिन हम रंगे हाथों पकड़ न लिए जाएं। मुझे आभास हो रहा है, हमारे विरोधी हम पर नजर गड़ाए हुए हैं।

सत्तासुंदरी ने हंसते हुए कहा- चल हट बुद्धू, मेरे होते हुए भला किसमें इतनी हिम्मत! जो हम पर नजर भी उठाए। जो हम पर नजर उठाएगा उससे पहले ही मैं उसे उठवा लूंगी। मेरे पास पिंजरे में तोता-मैना जैसे कई करामाती पक्षी हैं यदि मैंने उन्हें, उनके पीछे लगा दिया तो फिर वे उनकी नजर उतार कर ही वापस लौटेंगे ।

हालत यह हो गई है कि जहां-जहां सत्तासुंदरी पहुंचती वहां-वहां कालाधन भी उसके पीछे-पीछे जा पहुंचता। कालेधन से विरह मात्र का सोचकर ही सत्तासुंदरी बेचैन हो उठती। लोग उनके सम्बन्धों को लेकर तरह-तरह की बातें करते किन्तु वे दोनों लोगों की बातों की रंचमात्र भी परवाह न करते। उल्टा अब तो अक्सर वे हाथों में हाथ थामे, गलबहियां करते बेखौफ टहलते कहीं भी नजर आ जाते ।

लोग कहते जब से दोनों एक हुए हैं तब से सत्तासुंदरी के सौंदर्य में बहुत निखार आ गया है। कुछ लोग चिढ़कर कहते- उसके सारे नाज नखरे यह कालाकलूटा जो उठाता है। सत्तासुंदरी से निकटता के कारण मारे डर के लोगों ने उसके कालेपन का सार्वजनिक उपहास करना छोड़ दिया किन्तु पीठ पीछे खुसर-फुसर अवश्य करते रहते।

सत्तासुंदरी - हमारा रिश्ता तो ऊपर से बनकर आया है। तुम्हारा-हमारा जन्म-जन्म का साथ है। हम गठबंधन जोड़ेंगे। हर बंधन को तोड़ेंगे।

कालाधन– मुझे तो बहुत डर लगता है कुछ लोग अभी भी हमारे पीछे हाथ धोकर पड़े हुए हैं।

सत्तासुंदरी– तुम निश्चिंत रहो अब हम खुद तुम्हारे पीछे खड़े हैं। अब भला किसकी मजाल जो तुम्हारे पीछे पड़ेगा! मैं उन्हें किसी भी दिन रंगे हाथों पकड़वा दूंगी। छुपम-छुपाई, पकड़म-पकड़ाई के खेल में वे हम से जीत नहीं सकते हैं ।

इतना सुनते ही कालेधन के स्याह चेहरे पर अनूठी मुस्कुराहट आ गई। तब सत्तासुंदरी ने उसे आंखों ही आंखों में पता नहीं क्या इशारा किया कि फिर वे जनता की आंखों से तत्क्षण ओझल हो गए। पर्दा गिर चुका था।

सत्तासुंदरी और कालाधन एक दूसरे के प्रेमजाल में फंसकर पूरी तरह एकमेव हो गए थे।

जनता सोच रही है, पता नहीं अब यह पर्दा कब उठेगा।

### ऐतिहासिक कदम: खूब गूंजी तालियां

## भरी संसद में महिला सांसद ने बच्चे को कराया स्तनपान

**रोम।** इटली की एक महिला सांसद इन दिनों खूब चर्चा में हैं। यह चर्चा उनके एक ऐतिहासिक कदम को लेकर हो रही है। इटली की सांसद गिल्डा स्पोर्टिएलो संसद में अपने बच्चे को स्तनपान (ब्रेस्टफीडिंग) कराने वाली पहली राजनेता बन गई हैं। गिल्डा स्पोर्टियेलो ने बुधवार को चैंबर ऑफ डेप्युटी (निचले सदन) में अपने नवजात बच्चे को स्तनपान कराया। 36 वर्षीय सांसद ने अपने दो महीने के बेटे फ्रेडरिको को भरी संसद में दूध पिलाया। उनके इस कदम की सराहना करते हुए सभी सांसदों ने तालियां बजाईं। इटली की संसद के निचले सदन को पुरुष प्रधान माना जाता है। ऐसे में गिल्डा स्पोर्टियेलो के इस कदम की जमकर तारीफ हो रही है। गिल्डा स्पोर्टियेलो संसद में वोटिंग करने के लिए अपने बच्चे को साथ लाईं थीं।

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने पकड़ी मछली

*__चेन्नई।__ केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को चेन्नई बंदरगाह पर समुद्र अनुसंधान पोत 'सागर निधि' का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने मछली भी पकड़ी।*



फोटो : पीटीआई

### नॉलेज कॉर्नर: 930 ईस्वी में हुई थी इसकी स्थापना

# विश्व की सबसे पुरानी संसद 'द अल्थिंग'

विश्व भर में इन दिनों भारत की नई संसद को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बनी इस ससंद के बारे में हर व्यक्ति जानना चाहता है। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। इसकी खास बात यह रही कि इसमें ऐतिहासिक सैंगोल स्थापित किया गया। नई संसद की कई विशेषताएं हैं, बावजूद इसके विपक्षी दलों के लिए विवादित मुद्दा भी रहा। इन सभी के बीच एक सवाल यह उठता है कि संसद भवन की शुरुआत कब से हुई। विश्व का सबसे पुराना संसद भवन कौनसा है। इसकी स्थापना कब हुई थी। पूरी दुनिया में चल रही भारतीय संसद की चर्चाओं के बाच यह जानना भी दिलचस्प होगा कि आखिर सबसे पहले संसद भवन किस देश में बनाया गया था, क्या यह अब भी अस्तित्व में है। **इसके बारे में विस्तार से जानेंगे आज के कॉर्नर में...**

### सबसे पुरानी जीवित संसद

यह जानना बेहद रोचक है कि विश्व की सबसे पुरानी संसद आइसलैंड में है। इसकी स्थापना 930 ईस्वी में हुई थी। इसे द अलथिंग नाम से जाना जाता है। अलथिंग के रूप भी जानी जाने वाली यह संस्था आइसलैंड की सर्वोच्च राष्ट्रीय संसद है। यह विश्व की सबसे पुरानी जीवित संसदों में से एक है। स्थापना के समय इसे चीज फील्ड या असेंबली फील्ड के रूप में जाना जाता था। यह आइसलैंड की राजधानी रिक्जेविक से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित थी। इसके बाद वर्ष 1262 में आइसलैंड नॉर्वे के साथ मिल गया। परिणाम यह रहा कि वर्ष 1262 में इस संसद ने अपनी विधायी शक्तियां खो दी। जो कि 1903 तक बहाल नहीं हुई। इस संसद की शक्तियां कुल 641 वर्षों तक समाप्त रही।



### द अलथिंग की खास बातें

- इसकी स्थापना के बाद आइसलैंड में स्वतंत्र राष्ट्रीय अस्तित्व को पहचान मिली। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाली संसद रही।
- इसके पहले कानून का नाम गुलाथिंग था।
- वर्ष 1000 में ईसाई धर्म को आधिकारिक धर्म के रूप में घोषित किया।
- इसकी स्थापना थिंगवेलियर में हुई थी।
- वर्ष 1844 में इसे रिक्जेविक में स्थानांतरित कर दिया था।

### वर्तमान संसद भवन

*आइसलैंड का वर्तमान संसद भवन एलिंगिशस में स्थित है। इसका नाम अल्पिंगी है। इसकी स्थापना वर्ष 1881 में हुई थी। यह आइसलैंडिक पत्थर से बनी एकसदनीय संसद है। इसमें 63 सदस्य हैं। इस देश की मुख्य शक्तियां प्रधानमंत्री के पास होती हैं।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आध्यात्मिक प्रक्रिया कोई सामाजिक गतिविधि नहीं है, यह कुछ ऐसा है जो आप अपने भीतर करते हैं।



**विवेक बिंद्रा,** उद्यमी
@DrVivekBindra
मनुष्य आज, विश्व महासागर दिवस पर, आइए हम अपने ग्रह को कवर करने वाले जीवन देने वाले महासागरों को मनाएं और उनकी रक्षा करें। साथ मिलकर, हम स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देकर, प्लास्टिक कचरे को कम करके और समुद्री पारिस्थितिक तंत्र को संरक्षित करके एक अंतर बना सकते हैं। आइए आज और हर दिन अपने महासागरों को संजोएं और उनका सम्मान करें



**बीके शिवानी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@bkshivani
अपने आप को याद दिलाएं – "मैं एक सुखी प्राणी हूं । मैं भगवान को उनकी शक्तियों और आशीर्वाद के लिए हमेशा धन्यवाद देता हूं। मैं अपने शरीर को संपूर्ण होने और मुझे सब कुछ करने देने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं लोगों को अपने जीवन में उनकी भूमिका के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं 5 तत्वों को धन्यवाद देता हूं। मैं उन वस्तुओं का धन्यवाद करता हूं जिनका मैं उपयोग करता हूं। मैं अपने खूबसूरत जीवन के लिए आभारी हूं।



**उज्जवल पाटनी,** मोटिवेशनल स्पीकर
@Ujjwal_Patni
असहमत होने वाले लोग मुझे पसंद नहीं है, फिर भी मैं आपकी असहमति का सम्मान करूंगा क्योंकि हर आविष्कार किसी के असहमत होने से ही होता है।

**कांग्रेस ने कहा-** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल देश के 62 करोड़ किसानों के लिए बन गए हैं अभिशाप

# 'सरकार का DNA किसान विरोधी, MSP सिर्फ घोषणा... खरीद नहीं'

**एजेंसी** । नई दिल्ली

कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा विपणन सत्र 2023-24 के लिए सभी अनिवार्य खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को अनुमति देने के निर्णय को लेकर दावा किया कि मौजूदा सरकार एमएसपी की सिर्फ घोषणा करती है, उस पर किसानों से खरीद नहीं करती।

मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप लगाया कि इस सरकार का डीएनए ही किसान विरोधी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया कि मोदी सरकार ने देश के किसानों से दो वादे किए थे, एमएसपी को 'लागत+50 प्रतिशत मुनाफा' पर निर्धारित करना, 2022 तक देश के किसानों की आय दोगुनी करना, दोनों वादे सरासर झूठे निकले। खरीफ फसल पर एमएसपी बढ़ाने का ढोंग रचने वाली प्रचार लोभी मोदी सरकार, एमएसपी पर फसल खरीदती ही नहीं है।



उन्होंने दावा किया कि खेती के बजट में कटौती हुई। किसान सम्मान निधि में से 2 करोड़ किसानों का नाम हटाया। एक लाख करोड़ रुपए के कृषि अवसंरचना कोष की घोषणा कर के उसमें 3 सालों में केवल 12,000 रुपए करोड़ ही दिए। मोदी सरकार के 9 साल, देश के 62 करोड़ किसानों के लिए अभिशाप बन गए हैं।'

### किसानों को 'जुमले' और लाठी के सिवाय कुछ नहीं मिला



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसानों को 'जुमले' और लाठी के सिवाय कुछ नहीं मिला। उन्होंने ट्वीट किया कि 'न लागत + 50 प्रतिशत मुनाफा, न एमएसपी पर खरीद, न दोगुनी आय। भाजपा सरकार के नौ सालों में किसानों को चुनाव में जुमले, पीठ पर लाठी और पेट पर लात के सिवाय क्या मिला?

### घोषणा सिर्फ कागजों तक सीमित

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि मोदी मंत्र है कि एमएसपी घोषित करो, लेकिन दो मत। साल 2022-23 में उपज और फसल खरीद के तथ्य बताते हैं कि किसान को एमएसपी नहीं मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2020-21 में कृषि बजट, कुल बजट का 4.41% था। 2023-24 में यह 2.57% रह गया। बीते 4 साल में सरकार ने कृषि बजट से 80 हजार करोड़ खर्च ही नहीं किया। किसान सम्मान निधि से 2 करोड़ किसानों का नाम ही हटा दिया। धान को छोड़कर किसी अन्य फसल की खरीद एमएसपी पर नहीं की गई। एमएसपी सिर्फ कागजों में घोषित होना है, तो एमएसपी का मतलब ही क्या है?' सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार का डीएनए ही किसान विरोधी है।

### मोदी सरकार ने भारत के स्वास्थ्य ढांचे में किया सुधार: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के स्वास्थ्य ढांचे में सुधार कर उसे प्राथमिक से तृतीयक स्तर पर पहुंचाया है और गरीबों के लिए पांच लाख तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया है। शाह ने ट्वीट कर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक ऐसा भविष्य पाया है, जहां स्वास्थ्य सेवा अब विशेषाधिकार नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि नौ साल के कार्यकाल में 'सभी के लिए स्वास्थ्य' के तहत भारत ने अपने स्वास्थ्य ढांचे में सुधार किया है। वहीं गरीबों के लिए पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार सुनिश्चित किया गया।

## ईडी ने की टीएमसी नेता की पत्नी से चार घंटे पूछताछ



**कोलकाता।** ईडी ने कोयला चोरी मामले में गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ताओं के पास रुजिरा से पूछताछ के लिए तीन पृष्ठों की एक प्रश्नावली थी। रुजिरा दोपहर करीब 12:40 बजे सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी के दफ्तर पहुंचीं। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि उनसे विदेशी बैंकों में कुछ खातों के बारे में पूछताछ की गई। उनका बयान दर्ज किया गया। रुजिरा से ईडी के अधिकारियों द्वारा पूछताछ किए जाने के बारे में पूछे जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि वे इस बारे में नहीं बोलना चाहती। रुजिरा परिपक्व महिला है। जरूरत पड़ने पर वह इस बारे में बात करेगी।

## बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आठ जुलाई को

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजीव सिन्हा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ग्राम सभाओं के लिए चुनाव एक ही दिन में होंगे और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 जून होगी। सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होंगे। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 20 जून है। सिन्हा, हालांकि, इस सवाल का सीधा जवाब देने से बचते रहे कि क्या चुनाव केंद्रीय बलों की निगरानी में होंगे, जैसा कि विपक्षी दलों ने मांग की थी। पंचायत चुनाव को इस बात का संकेतक माना जाता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य किस तरह से मतदान करेगा।


**'अखंड भारत' की तस्वीर पर भड़के** PAK को दो टूक जवाब

# विदेश मंत्री बोले- पाकिस्तान के पास समझने की शक्ति नहीं...

**एजेंसी** । नई दिल्ली

नए संसद भवन की एक दीवार पर लगी अखंड भारत की तस्वीर ने सोशल मीडिया से सियासी हलचल पैदा कर दी। इस कृति को लेकर कई पड़ोसी देशों ने भी आपत्ति जताई थी, जिसमें से एक पाकिस्तान भी शामिल है। पाकिस्तान की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने करारा जवाब दिया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर से पाकिस्तान द्वारा भित्ति चित्र पर जताई जा रही आपत्ति को लेकर सवाल किया गया था। उनसे पूछा गया कि भित्ति चित्र पर पाकिस्तान ने चिंता जताई है? इस पर विदेश मंत्री ने जवाब दिया कि संसद में लगी भित्ति अशोक सम्राज्य की सीमा को दर्शाता है। हमने उन्हे बता दिया है और वे समझ गए हैं। पाकिस्तान को छोड़ दीजिए, उनके पास समझने की शक्ति नहीं है। जयशंकर ने POK पर स्पष्टता की बात भी कही है और कहा कि देश, संसद और हमारा रुख नहीं बदलेगा।




### पाकिस्तान ने जताई थी चिंता

पिछले सप्ताह पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने भारत के नए संसद भवन में लगी 'अखंड भारत' की तस्वीर पर चिंता व्यक्त की थी। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि भारत का यह कदम उसकी विस्तारवादी मानसिकता को दर्शाता है, जो न केवल भारत के पड़ोसियों बल्कि धार्मिक अल्पसंख्यकों की विचारधारा और संस्कृति को भी अपने अधीन करना चाहता है। पाकिस्तान ने कहा था कि हम भारत से आग्रह करते हैं कि वह विस्तारवादी नीति से दूर रहे और शांतिपूर्ण तरीके से अपने पड़ोसी देशों के साथ विवादों को सुलझाए।

### इन देशों ने भी की थी आपत्ति

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मई को देश को नए संसद भवन की सौगात दी थी। इसी नए संसद में एक भित्ति चित्र की तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। इसमें अखंड भारत दिखाया गया था। बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान ने इस भित्ति चित्र को लेकर नाराजगी जाहिर की है।

### 'राहुल को विदेश में भारत की आलोचना करने की आदत'

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को विदेश में भारत की आलोचना करने की आदत है, लेकिन अपने आंतरिक मामलों को दुनिया के सामने उठाना देश के हित में नहीं है। अमेरिका में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी की टिप्पणी के संबंध में विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया हमें देख रही है। एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि राहुल गांधी को विदेश में भारत की आलोचना करने की आदत है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं समझता कि राष्ट्रीय राजनीति को देश से बाहर ले जाना राष्ट्रीय हित में होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी प्योंगयांग झील पर चीनी पुल की बात करते हैं तो कभी अरुणाचल सीमा के पास बने चीनी गांव का। उन्हें यह समझना चाहिए कि चीन ने 1965 में ही प्योंगयांग झील पर कब्जा कर लिया था। कांग्रेस अरुणाचल सीमा के पास बनी चीन की आधुनिक गांव की बात करती है, तो कांग्रेस को यह भी बताना चाहिए कि जिस क्षेत्र में चीन आज आधुनिक गांव बना रहा है वह 1959 से उसके अधीन है। वह (राहुल गांधी) तथ्यों को बिना समझे ही बहुत कुछ बोलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान मुद्दा केवल पेट्रोलिंग से संबंधित है। क्योंकि गलवान की घटना के बाद दोनों देशों ने फॉरवर्ड पोस्टिंग की है। वर्तमान मुद्दा इससे पहले की मुद्दे से बिल्कुल अलग हैं।

### क्या है 'अखंड भारत' की अवधारणा

'अखंड भारत' एक एकीकृत भारत की अवधारणा के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। इसमें दावा किया जाता है कि वर्तमान अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका 'अखंड भारत' का हिस्सा थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंडे में अखंड भारत हमेशा से ऊपर रहा है। आरएसएस के 'अखंड भारत' में पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और तिब्बत शामिल हैं। संघ का मानना है कि यह क्षेत्र हिंदू सांस्कृतिक समानताओं के आधार पर बना एक राष्ट्र है।

### भारत ने कनाडा पर साधा निशाना

भारत ने ब्रैम्पटन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाते हुए कथित तौर पर झांकी निकाले जाने की घटना के दृश्य सोशल मीडिया पर आने के बाद कनाडा पर अलगाववादियों एवं चरमपंथियों को महत्व देने को लेकर निशाना साधा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि कनाडा का अपनी जमीन से भारत विरोधी तत्वों को काम करने की अनुमति देना न केवल उसके लिए बल्कि द्विपक्षीय संबंधों के लिए भी ठीक नहीं है। जयशंकर ने कहा कि मैं सोचता हूं कि इससे वृहद मुद्दा जुड़ा हुआ है और जो वृहद मुद्दा जुड़ा है, वह कनाडा का लगातार (चरमपंथियों को) स्थान देना है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि वोट बैंक की राजनीति के अलावा कोई ऐसा क्यों करेगा। विदेश मंत्री ने कहा कि क्योंकि आप अगर उनके इतिहास को देखें, तब आप कल्पना करेंगे कि वे इतिहास से सीखते हैं और वे इतिहास नहीं दोहराना चाहेंगे। यह केवल एक मुद्दा नहीं हैं। जयशंकर ने कहा कि मैं समझता हूं कि अलगाववादियों, चरमपंथियों, हिंसा की वकालत करने वालों को महत्व देने के पीछे वृहद निहित मुद्दे हैं और मैं सोचता हूं कि यह संबंधों के लिए भी अच्छा नहीं है और कनाडा के लिए भी ठीक नहीं है।




### नेपाल ने भी जताया था विरोध

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टाराई ने कहा था कि भारत के नए संसद भवन में अखंड भारत का विवादित भित्ति चित्र नेपाल सहित पड़ोसी देशों में गैर-जरूरी और हानिकारक कूटनीतिक विवाद को भड़का सकता है। भारत के अधिकांश निकटतम पड़ोसियों के बीच पहले से ही विश्वास की कमी है। इसके कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं। इस विवाद से इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे दोनों देशों के बीच विश्वास की कमी हो सकती है।

**बीजेपी का राहुल पर तंज**

## 'मोहब्बत की दुकान' के नाम पर न बोएं 'नफरत का जहर'






**एजेंसी** । नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' पर करारा पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि वह इसके नाम पर 'नफरत का जहर' बोने का काम रहे हैं।

भाजपा ने अपने नेताओं राज्यवर्धन सिंह राठौर, पूनम महाजन और प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की ओर से राहुल गांधी के नाम लिखा गया एक 'खुला पत्र' जारी किया। इसमें कहा कि अपने परिवार के इतिहास के पन्ने पलटिए तो वे चीख-चीखकर नफरत के किस्सों की गवाही देंगे और आपके पूरे परिवार ने नफरत का मेगामॉल खोल रखा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकान' खोलने की बात करते हैं लेकिन वह भूल जाते हैं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के लोकतंत्र को 19 महीने तक अपनी मुट्ठी में कैद रखा था। आपातकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस दौर में लोकतांत्रिक अधिकारों की आवाज उठाने वाले हर शख्स को जेल में डाल दिया गया था। देशवासियों से नफरत के उस काले अध्याय को देखते हुए आपकी मोहब्बत एक कॉमेडी से ज्यादा नहीं लगती। उम्मीद है कि अपने परिवार और कांग्रेस के 'मोहब्बत' के ऐसे सभी उदाहरण को आप गंभीरता से लेंगे। मोहब्बत की दुकान के नाम पर नफरत का जहर बोने के बजाए आप शांति, सद्भाव का प्रयास करेंगे।

**केजरीवाल ने किया प्रचार का आगाज**

## जींद में आम आदमी पार्टी ने निकाली 'तिरंगा यात्रा'



**एजेंसी** । चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लोगों से अगले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को एक अवसर देने की गुरुवार को अपील की और उन्हें बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का वादा किया। केजरीवाल हरियाणा के जींद में 'तिरंगा यात्रा' के दौरान सभा को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान और हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील कुमार गुप्ता भी थे। मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले केजरीवाल ने लोगों से भावनात्मक जुड़ाव कायम करने का प्रयास करते हुए कहा कि हरियाणा मेरी 'जन्मभूमि' है व दिल्ली 'कर्मभूमि' है। केजरीवाल ने लोगों से सवाल किया कि कांग्रेस-भाजपा ने इस राज्य पर वर्षों तक शासन किया, लेकिन यहां के लोगों के लिए क्या किया।

**केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का विपक्ष पर कटाक्ष**

# 'चुनाव में भागलपुर पुल की तरह पानी में बह जाएंगे विपक्ष के अरमान'

**एजेंसी** । नई दिल्ली

भाजपा ने आगामी 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक के मद्देनजर अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए गुरुवार को कहा कि वे भले ही एक दूसरे में सहारा ढूंढ रहे हों, लेकिन वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके अरमान उसी प्रकार बह जाएंगे, जिस प्रकार बिहार के भागलपुर में 1,750 करोड़ रुपए का पुल पानी में बह गया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर भारतीय लोकतंत्र को चोट पहुंचाने के लिए 'बाहरी ताकतों' के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया और दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही इस प्रकार की गतिविधियों का बढ़ना इस बात का संकेत है कि 'सत्ता की भूख' में वह देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर चोट करने को आमादा है। बिहार की राजधानी पटना में प्रस्तावित विपक्षी दलों की बैठक से जुड़े एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो विपक्षी दल अपने पैरों पर खड़ा होने में विफल रहे हैं वह एक दूसरे में सहारा ढूंढ रहे हैं। उन्होंने भागलपुर में पुल ढहने की हालिया घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अभी 1750 करोड़ रुपए की लागत का एक पूरा ढांचा वहां पानी में बह गया। उनके अरमान भी 2024 में इसी प्रकार बह जाएंगे।



### प्रधानमंत्री मोदी के लिए नहीं कांग्रेस की 'मोहब्बत'

राहुल के 'मुहब्बत की दुकान' नारे पर तंज कसते हुए ईरानी ने सवाल किया कि यह कैसी मोहब्बत है जो हिंदू जीवन पद्धति पर कटाक्ष करे, सिखों का नरसंहार करे, कोयला और चारा लूटने वालों के साथ हाथ मिलाए, जो संसद में स्थापित सैंगोल का अपमान करें और संसद का बहिष्कार करें? उन्होंने कहा कि यह कैसी मुहब्बत है जो देश के लिए नहीं बल्कि आपकी राजनीति के लिए है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'सेवा' की भावना की सराहना करते हुए सवाल किया कि क्या यह मोहब्बत प्रधानमंत्री मोदी के लिए नहीं है। ईरानी ने कहा कि कांग्रेस अगर प्रधानमंत्री मोदी के लिए कुछ अच्छा कहे तो यह आश्चर्य का विषय होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर हमला करना कांग्रेस की फितरत है और कांग्रेस की 'मोहब्बत' उनके लिए नहीं है।

### 2024 में एकजुट विपक्ष का सामना करने से डरी हुई है भाजपा: तेजस्वी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को दावा किया कि भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने से डरी हुई है क्योंकि उसे वहां एकजुट विपक्ष का सामना करना पड़ सकता है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता यादव कुछ भाजपा नेताओं के बयान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। कुछ भाजपा नेताओं ने 23 जून को पटना में विपक्षी दलों के सम्मेलन को कमतर पेश करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि भाजपा यह तय नहीं करेगी कि विपक्षी सम्मेलन का क्या असर होगा। दरअसल वह लोकसभा चुनाव का सामना करने से डरी हुई है। वह हाल में हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में



विधानसभा चुनाव हार गई है। उसे राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में हार दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 'एकजुट विपक्ष' की तरफदारी करते आ रहे हैं। उन्होंने पिछले साल भाजपा से नाता तोड़ लिया था। यादव और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह 'लल्लन' ने बुधवार को घोषणा की थी कि विपक्षी दलों का सम्मेलन 23 जून को होगा जिसमें राहुल गांधी, ममता बनर्जी और सीताराम येचुरी जैसे विभिन्न नेता भाग लेने को राजी हो गए हैं। यादव ने कहा कि 23 जून की बैठक में करीब 15 राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व होगा। हालांकि जब उनसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के संस्थापक और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमने उनसे अब तक बात नहीं की है।

## जरूरी खबर

### गुरद्वारे में फिल्माए 'गदर-2' के दृश्य पर जताई आपत्ति



**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरद्वारा प्रबंधक समिति ने एक गुरद्वारे के परिसर में सनी देओल अभिनीत 'गदर 2' फिल्म के एक दृश्य की शूटिंग किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। इस दृश्य के ऑनलाइन क्लिप में सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल हाथ में हाथ डाले एक दूसरे को देख रहे हैं जबकि 'गतका' के जानकार उनके इर्द-गिर्द अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। सनी देओल भाजपा सांसद भी हैं। एसजीपीसी महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि सनी देओल और फिल्म के निर्देशक को समझना चाहिए कि गुरद्वारा ऐसे दृश्य को फिल्माने की जगह नहीं है। यह वीडियो क्लिप सिख समुदाय के लिए शर्मनाक हैं।

### नकली नोट केस में दो जनों को 10 साल की सजा

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की विशेष अदालत ने ठाणे के नकली नोट मामले में दो बांग्लादेशी नागरिकों को 10 साल के कड़े कारावास की सजा सुनाई है। प्रवक्ता ने बताया कि बांग्लादेश के खुलना के रहने वाले नजमुल हसन और अब्दुल्ला शैकदर पर आईपीसी और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून की धाराओं के तहत 10-10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। बांग्लादेश से उच्च गुणवत्ता के नकली नोट खरीदकर महाराष्ट्र में उनका इस्तेमाल किया जा रहा था। ये नकली नोट 4,08,000 रुपए के अंकित मूल्य के थे। इस संबंध में ठाणे शहर की अपराध शाखा के स्वापक रोधी प्रकोष्ठ द्वारा साझा की गई विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर 2015 में मामला दर्ज किया गया था।

### दिल्ली में भारत-बांग्लादेश सीमा सम्मेलन 11 से

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश यहां इस सप्ताह के आखिर में अपनी द्विवार्षिक सीमा-स्तरीय वार्ता करेंगे और इस दौरान दोनों पक्ष सीमा पार अपराध से संबंधित कई मुद्दों एवं अपनी सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा करेंगे। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में अपने भारतीय समकक्षों के साथ 11 और 14 जून के बीच आयोजित होने वाली चार दिवसीय वार्ता के लिए शनिवार को दिल्ली पहुंचने की संभावना है।





## जम्मू में भक्तों के लिए खोला तिरुपति बालाजी मंदिर

**माजीन (जम्मू)।** जम्मू-कश्मीर के बाहरी इलाके में स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर को गुरुवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। मंत्रोच्चार के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और जी किशन रेड्डी ने माजीन इलाके में भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर का उद्घाटन किया। पवित्र गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने के बाद गणमान्य लोगों ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह मंदिर निचले शिवालिक जंगलों में 62 एकड़ से अधिक भूमि में स्थित है। इस दौरान जम्मू के विभिन्न स्थानों से सैकड़ों लोग भगवान विष्णु के स्वरूप वेंकटेश्वर को समर्पित मंदिर में दर्शन करने के लिए उमड़ पड़े। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने DRDO और सशस्त्र बलों को दी बधाई

# बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' का सफल परीक्षण

**एजेंसी** | बालासोर

भारत ने नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' का गुरुवार को ओडिशा तट के एक द्वीप से सफल परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तट से 'अग्नि प्राइम' का परीक्षण किया और इस दौरान, यह मिसाइल सभी मानकों पर खरी उतरी।'अग्नि प्राइम' के सफल परीक्षण के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को बधाई दी।

अधिकारियों के मुताबिक, विकास चरण में 'अग्नि प्राइम' के तीन सफल परीक्षण के बाद यह मिसाइल को सशस्त्र बलों में शामिल किए जाने से पूर्व इसका पहला रात्रि परीक्षण था, जिसने इसकी सटीकता और विश्वसनीयता पर मुहर लगाई। उन्होंने बताया कि अलग-अलग जगहों पर क्षैतिज दूरी नापने वाले उपकरण, जैसे कि राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम सहित दो जहाज तैनात किए गए थे, ताकि मिसाइल के पूरे सफर के आंकड़े एकत्रित किए जा सकें।

अधिकारियों के अनुसार, डीआरडीओ और रणनीतिक बल कमान के शीर्ष अधिकारी 'अग्नि प्राइम' के सफल परीक्षण के गवाह बने, जिसने इन मिसाइल को सशस्त्र बलों में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त किया।



### 'गगनयान लॉन्च करने में जल्दबाजी नहीं'

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपनी गगनयान परियोजना में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह सुनिश्चित करना चाहता है कि 'मानव को अंतरिक्ष में भेजने का देश का पहला मिशन' सफल और सुरक्षित रहे। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सोमनाथ ने एसएमओपीएस-2023 पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि गगनयान को 2022 में अंतरिक्ष में भेजा जाना था, लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते इसमें देर हो गई। इसरो प्रमुख ने कहा कि हमारी एक अलग सोच है। हमारी सोच यह है कि हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते। हमने यह फैसला किया है। मानव को अंतरिक्ष में भेजने के मिशन का प्राथमिक लक्ष्य एक सफल और सुरक्षित मिशन है। अंतरिक्ष एजेंसी ने मिशन को इस तरह से पुनर्निर्धारित किया है कि यह अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर ले। इसके लिए, इसने हाल के समय में जांच और प्रदर्शन में वृद्धि की गई है। सोमनाथ के अनुसार, पहला अभ्यास संभवत: अगस्त में किया जाएगा, जो पहले जुलाई में किए जाने का कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि मानवरहित मिशन को अगले साल की शुरुआत तक भेजा जाना संभव है। इसरो के अंदर इंजन की सभी जांच पूरी कर ली गई है। सोमनाथ ने कहा कि जोरशोर से मिशन संबंधी गतिविधियां की जा रही हैं और हर हफ्ते कुछ बड़ी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आठ बड़ी जांच होनी है और यदि ये सभी जांच बगैर किसी गड़बड़ी के सफलतापूर्वक पूरी हो जाती है तो प्रक्षेपण 2024 और 2025 के बीच किया जाएगा। लेकिन यदि कोई समस्या आई तो कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ेगा।

### 'हवा' रॉकेट परीक्षण सुविधा पर जल्द की जाएगी घोषणा: इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि 'हाइपरसोनिक एयर ब्रीदिंग' यान 'हवा' के संबंध में अंतरिक्ष एजेंसी की परीक्षण सुविधा के बारे में जल्द ही एक घोषणा होगी। अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने हालांकि इस बात पर जोर दिया कि इसरो का ध्यान 'एयर ब्रीदिंग' तकनीक पर नहीं था क्योंकि वह अंतरिक्ष को लेकर ज्यादा काम करना चाहता है।

'एयर ब्रीदिंग' इंजन वे होते हैं जो ईंधन जलाने के लिए आसपास के परिवेश से हवा लेते हैं, जैसे जेट इंजन। इसलिए यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि अंतरिक्ष में कोई हवा/वायुमंडल नहीं है। सोमनाथ ने यहां संवाददाताओं को बताया कि हम 200 से अधिक सेकंड के लिए हाइपरसोनिक गति से उड़ान भरने के वास्ते एक नया रॉकेट 'हवा' भी विकसित कर रहे हैं। आप 'एयर ब्रीदिंग'



के लिए नए ईंधन के साथ हमारे परीक्षण संयंत्र के बारे में जल्द ही कुछ घोषणाएं भी सुनेंगे। 'हवा' का मतलब वायु एकीकृत प्रणाली के साथ 'हाइपरसोनिक एयर ब्रीदिंग व्हीकल' है।

'एयर ब्रीदिंग' तकनीक को लेकर हुई प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में सोमनाथ ने कहा कि इसरो इसे किसी रॉकेट के तत्काल इनपुट के तौर पर नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी क्षमता के तौर पर देख रहा है।

सोमनाथ ने बताया कि अगर वहां हवा है, तो वह अंतरिक्ष नहीं है। उन्होंने कहा कि इसरो मुख्य रूप से 'एयर ब्रीदिंग' तकनीक में बहुत ज्यादा शामिल नहीं है क्योंकि हम हवा में नहीं रहना चाहते, हम अंतरिक्ष में जाना चाहते हैं, लेकिन हम प्रौद्योगिकी का विकास करते हैं क्योंकि क्षमताओं के मामले में यह एक बहुत ही उच्च तकनीक है जो हमारे पास है - दहन आदि के संदर्भ में। इसलिए हम इंजन का परीक्षण कर रहे हैं। हम अपनी महेंद्रगिरि सुविधा में परीक्षण कर रहे हैं जहां हमने हाइपरसोनिक परीक्षण सुविधा स्थापित की है। नई पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) के बारे में सोमनाथ ने कहा कि इसरो एक 'आर्किटेक्चरल रॉकेट' बना रहा है और विभिन्न केंद्रों की एक बड़ी टीम इस पर काम कर रही है।

### 130 देशों की प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

# 27 साल बाद भारत में होगी मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा



**एजेंसी** | नई दिल्ली

दुनिया भर में चर्चित मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा करीब तीन दशक बाद भारत लौट रही है और इसके अगले संस्करण का आयोजन नवंबर में होने की संभावना है। मिस वर्ल्ड प्रतिस्पर्धा का बहुप्रतीक्षित 71वां संस्करण इस साल नवंबर में आयोजित होने की उम्मीद है ।

इसकी अंतिम तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है। इससे पहले, 1996 में भारत में इसका आयोजन किया गया था। इस प्रतिस्पर्धा का आयोजन करने वाले संगठन मिस वर्ल्ड आर्गनाइजेशन की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जूलिया मॉर्ले ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे 71वें मिस वर्ल्ड फाइनल के लिए भारत को आयोजन स्थल बनाए जाने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है ... हमें आपकी अनूठी और विविधतापूर्ण संस्कृति, विश्व स्तरीय आकर्षक और लुभावने स्थलों को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। जूलिया मॉर्ले ने कहा कि 71वीं मिस वर्ल्ड 2023 में 'अतुल्य भारत' की एक महीने की यात्रा के दौरान 130 राष्ट्रीय चैंपियन की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा, क्योंकि हम 71वां और अब तक का सबसे शानदार मिस वर्ल्ड फाइनल आयोजित कर रहे हैं। करीब एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन में 130 से अधिक देशों की प्रतिभागी हिस्सा लेंगी।

#### भारत ने 6 बार जीता है यह प्रतिष्ठित खिताब

सौंदर्य प्रतियोगिता का भारत में प्रचार-प्रसार करने के लिए यहां आईं मौजूदा विश्व सुंदरी करोलिना बिलावस्का (पोलैंड) ने कहा कि वह अपना ताज इस 'खूबसूरत देश' में दूसरी प्रतिभागी को सौंपने के लिए उत्साहित हैं। भारत ने छह बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। रीता फारिया ने 1966 में यह प्रतिस्पर्धा जीती थी जबकि ऐश्वर्या राय ने 1994 में, डायना हेडन ने 1997 में, युक्ता मुखी ने 1999 में, प्रियंका चोपड़ा ने 2000 में और मानुषी छिल्लर ने 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था।

### पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित बोले...

# पाक को सबक सिखाने के लिए होनी चाहिए 'सर्जिकल स्ट्राइक'

**एजेंसी** | अमृतसर

पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक की जानी चाहिए, क्योंकि वह भारतीय क्षेत्र में ड्रग्स भेज रहा है।

राज्यपाल पुरोहित ने नशीली दवाओं की जब्ती और सीमा पार से भेजे जा रहे ड्रोन से निपटने पर पंजाब सरकार की प्रशंसा की। पंजाब के राज्यपाल सीमावर्ती जिलों के दो दिवसीय दौरे पर थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी को किसी भी कीमत पर नशा करने से रोका जाना चाहिए। अगर पाकिस्तान भारत के साथ शरारत कर रहा है तो उसके खिलाफ



एक या दो सर्जिकल स्ट्राइक की जानी चाहिए। पुरोहित ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना, खुफिया ब्यूरो, पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय पर संतोष व्यक्त किया। राज्यपाल ने पंजाब के बहादुर जवानों और किसानों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इनकी बदौलत ही देश के अनाज भंडार भरे हैं और इनकी मदद से राज्य को नशामुक्त करना है।

#### पड़ोसी सीधे तो नहीं लड़ सकता, छेड़ रहा छद्मयुद्ध

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में मीडिया को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने भारत के खिलाफ छद्मयुद्ध छेड़ने पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। राज्यपाल ने कहा कि वह ऐसा इसलिए कर रहा है क्योंकि सीधी लड़ाई नहीं लड़ सकता है। उन्होंने भारत में नशीले पदार्थों और हथियारों को भेजने के लिए पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के इस्तेमाल पर भी चिंता व्यक्त की और इसका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सरकार या उसकी सेना की संलिप्तता के बिना ड्रोन का इस्तेमाल संभव नहीं है। वे हमें अस्थिर करना चाहते हैं।

#### विलेज डिफेंस कमेटियां बनेंगी 26 जनवरी को होंगी सम्मानित

राज्यपाल ने सिविल और पुलिस प्रशासन की मदद से छह सीमांत जिलों में भारत-पाकिस्तान सरहद के 10 किमी के दायरे में पड़ने वाले गांवों में विलेज डिफेंस कमेटियां बनाने का एलान भी किया। उन्होंने कहा कि बेहतरीन काम करने वाली कमेटी को अगले साल 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह हर जिले में पहले नंबर पर आने वाले को पांच लाख, दूसरे नंबर पर आने वाले को दो लाख और तीसरे नंबर पर आने वाले को एक लाख रुपये का नकद इनाम भी दिया जाएगा। उन्होंने पठानकोट के सरहदी इलाके में ड्रोन इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम शुरू करने पर डीआईजी बार्डर रेंज नरिंदर भार्गव की सराहना की। इसे पूरे क्षेत्र में लागू करने का निर्देश दिया।

#### राजनीति में शामिल नहीं होता राज्यपाल

आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा उनके सीमावर्ती जिलों के दौरे पर सवाल उठाए जाने के बाबत पूछे जाने पर पुरोहित ने कहा कि वह राज्यपाल हैं जो कभी भी राजनीति में शामिल नहीं होता है। राज्यपाल ने कहा कि मैं फिर कहता हूं कि मैं पुलिस और राज्य सरकार की तारीफ करता हूं। जिस तरह (अलगाववादी) अमृतपाल (सिंह) को गिरफ्तार किया गया, वह काबिले तारीफ है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर राज्य सरकार संविधान के दायरे से बाहर जाएगी तो वह इसे रेखांकित करेंगे।

### BSF ने पाक ड्रोन मार गिराया, हेरोइन जब्त

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक कथित पाकिस्तानी ड्रोन को भारतीय क्षेत्र में घुसने के बाद मार गिराया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि एक अलग घटना में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तरन तारन जिले में एक अन्य पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई दो किलोग्राम से अधिक हेरोइन (मादक पदार्थ) जब्त की। बुधवार रात नौ बजे बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर में भैनी राजपुताना गांव के पास ड्रोन जैसी कुछ आवाज सुनी, जिसके बाद उन्होंने गालियां चलाईं। उन्होंने बताया कि बीएसएफ और पंजाब पुलिस द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया।

## 15 मॉडल्स ने 30 डिजाइन किए शोकेस, फटाफट क्रिकेट की तर्ज पर आयोजन

# फैशन शो में नया ट्रेंड, रैंप पर टी-20

बेधड़क । जयपुर
जयपुर में भले ही टी-20 क्रिकेट का रोमांच खत्म हो गया हो, लेकिन टी-20 फैशन की बानगी जारी है। जहां एलीट मिस राजस्थान की 15 नेशनल-इंटनेशल मॉडल्स ने रैंप पर 20 मिनट में 30 गारमेंट्स शोकेस कर गुलाबी नगरी में एक बार फिर से फैशन की लय-ताल दशाई। ये अनूठा फैशन शो था दी ट्रंक ट्रीसर शो-2023, जो सी-स्कीम डायब्लो जयपुर की ओर से आयोजित किया गया।







फोटो: पंकज शर्मा

### IPL की तरह हिट करने के प्रयास

ये अनूठा डायब्लो शो टी-20 फॉर्मेट में था। आयोजक रवि पारीक ने बताया, शो में दिल्ली की डिजाइनर स्निग्धा खोहर ने 30 डिजाइन शोकेस किए, जिसमें समर और फ्यूजन कलेक्शन खास था। उन्होंने बताया कि ये फॉर्मेट जयपुर में लेकर आए हैं, जो बिल्कुल नया है। अब 3 घंटे लोगों के पास नहीं हैं। फैशन लवर्स रैंप के सामने बहुत समय तक बैठकर कलेक्शन को न जज करते हैं और न हीं देखना चाहते हैं, क्योंकि टाइम की कमी है। इसको देखते हुए टी-20 का अनूठा तरीका फैशन शो में लाए हैं। ये फटाफट फैशन शो आईपीएल की तरह हिट करने के प्रयास हैं।

### स्पेशल रूप से बनाया रैंप

डिजाइनर गौरव गौड़ व शुभम ने बताया कि नया फॉर्मेट होने के कारण इसे स्पेशली डिजाइन करना एक चैलेंज था, जिसे हमने पूरा किया। इसके लिए स्पेशल रैंप तैयार किया और मॉडल्स को उसी रूप में ढाला। मॉडल्स को स्पेशल ट्रेनिंग दी गई, जिसमें उनको फॉर्मेट के अनुसार रैंप पर कलेक्शन शोकेस करने के लिए ट्रेंड किया गया। हालांकि, सभी मॉडल्स एक्सपीरियंसड थीं, जिन्होंने देश-दुनिया में वॉक किया है।

## सेवा कर मनाया स्थापना दिवस



**बेधड़क, जयपुर।** संगिनी फोरम जेएसजी कैपिटल की सदस्याओं ने सेवा कार्य की कड़ी में कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ स्थापना दिवस मनाया। प्रताप नगर सेक्टर 6 स्थित सेंट ज्यूड इण्डिया चाइल्ड केयर सेंटर में हुए कार्यक्रम में बच्चों को फल, मिठाई, गिफ्ट वितरण कर बच्चों के साथ खुशियां बांटी गईं। संस्थापक अध्यक्ष विनीता जैन, अध्यक्ष शकुंतला पांड्या, सचिव अलका जैन सहित सुनीता पाटोदी, सुनीता काला, समता गोदीका, हेमा सौगानी, मंजू बज व चित्रा सेठ और सुधीर गोधा ने सहभागिता निभाई। शकुंतला पांड्या ने बताया कि उपस्थित सभी सदस्यों ने केयर सेंटर में विजिट कर बच्चों के रहने, खाने-पीने, इलाज व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## अग्रसेन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा



**बेधड़क, जयपुर।** अग्रवाल समाज मालवीय नगर के श्री अग्रसेन भवन में नवनिर्मित श्री अग्रसेन भगवान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में समाज के अध्यक्ष ऋषि पाल अग्रवाल, महामंत्री जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा संयोजक हेमा गुप्ता के साथ सभी महिलाएं एक जैसी पीली साड़ी और सभी पुरुष कुर्ते पाजामे पहनकर कलश यात्रा में शामिल हुए। इसके पश्चात हवन यज्ञ एवं भजन कीर्तन, सुंदरकांड का आयोजन किया गया। शुक्रवार को माता लक्ष्मी, श्री अग्रसेन महाराज, माता माधवी की नवनिर्मित मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। माता लक्ष्मी जी, अग्रसेन जी भगवान एवं माता माधवी की नवनिर्मित मूर्तियों का पंडितों द्वारा विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा के साथ दुग्ध अभिषेक, पंचामृत स्नान, करके नव आभूषण, वस्त्र धारण करवाए जाएंगे। गुरुवार को कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार बिंदल, सुभाष मित्तल, रामपाल जैन, नेमी चंद गुप्ता, डीडी बंसल, मुरारी लाल गुप्ता, रवि राम गुप्ता, अशोक कुच्छल, मुकेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राजेश बिंदल, राकेश मित्तल, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, बीएल गुप्ता, विष्णु गोयल, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका हेमा गुप्ता, संगीता अग्रवाल, रितू गुप्ता, निशा अग्रवाल, श्रुति, विमला, मीना गोयल आदि अग्रवाल समाज के पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### महापौर ने आमजन के साथ किया योग




**बेधड़क. जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की पहल पर हो रहे योग महोत्सव-2023 के तहत गुरुवार को चित्रकूट में योग संस्थान योगास्थली पर योग शिविर का आयोजन हुआ। योगास्थली के निदेशक योगी उमेष शर्मा ने योगाभ्यास करवाया। इसके साथ ही क्रीड़ा भारती परिषद राजस्थान के संयोजक मेघ सिंह द्वारा कम समय में नींद पूरी होने के लिए योग निद्रा का ऊर्जावान अभ्यास करवाया गया। इस दौरान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने आमजन के साथ योगाभ्यास किया। शिविर में योग साधक अनामिका कोठारी और मनीष कोठारी द्वारा एक्रोबैटिक आर्ट के तहत योग फ्यूजन की प्रस्तुति सबसे आकर्षक रही। शुक्रवार को माधोसिंह सर्किल बनी पार्क पर योग शिविर आयोजित होगा।

### गर्भ कल्याणक दिवस आज

**बेधड़क, जयपुर।** जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक व 13वें तीर्थंकर भगवान विमल नाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार मंदिरों में सुबह अभिषेक, शांतिधारा के बाद दोनों तीर्थंकरों की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। पूजा के दौरान भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक श्लोक व भगवान विमल नाथ का मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाया जाएगा। आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावड़ी, श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मनिहारों का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर संघीजी, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, एस एफ एस दिगम्बर जैन मंदिर, मीरा मार्ग दिगंबर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में विशेष आयोजन होगें।

### हस्तशिल्प की मार्केटिंग प्राथमिकता



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थली एम्पोरियम में हस्तशिल्प के विकास व राजस्थली एम्पोरियम के पीपीपी मोड़ पर संचालन के लिए जयपुर के प्रमुख हस्तशिल्प व्यवसायियों व विशेषज्ञों के साथ बैठक हुई। बैठक में राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, राजसिको की प्रबन्ध निदेशक डॉ. मनीषा अरोड़ा व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मनोज अग्रवाल, सुरेन्द्र बरड़िया, अनिल अग्रवाल, माया ठाकुर, रितेश माहेश्वरी ने भाग लिया गया। अरोड़ा ने आगन्तुकों से राजस्थली की लाभप्रदता बढाने व दस्तकारों को अधिकाधिक विपणन सहायता देने के लिए सुझाव मांगे। एम्पोरियम को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए संचालन अवधि, एम्पोरियम के नवीनीकरण, देय शुल्क, कैफेटेरिया, राजसिको द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर चर्चा की गई।

## सा-धन संस्था के विशेषज्ञों ने रखे विचार

# अवेयरनैस के अभाव में पता नहीं होता कैसे आगे बढ़ना है



बेधड़क | जयपुर

छोटे-छोटे कदम उठाकर स्वयं का विकास किया जा सकता है, लेकिन अवेयरनैस के अभाव में लोगों को पता ही नहीं होता है कि कैसे आगे बढ़ना है। राजस्थान अन्य राज्यों के अपेक्षा इसमें कम जागरूक है। ऐसे में हम लोगों को अवेयर करते हुए बिजनेस को प्रमोट करते हैं। ये विचार जयपुर में सा-धन संस्था के विशेषज्ञों ने रखे। उन्होंने कहा कि निम्न वर्ग के छोटे ऋण धारक लोन लेते समय और लोन चुकाने के वक्त अनेक समस्याओं से परेशान रहते हैं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए हम आगे आए हैं।

संस्था सीईओ जीजी मैंमेन ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) के रूप में रजिस्टर्ड सा-धन संस्था माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र का एक राष्ट्रीय संघ है। लोन से संबंधित होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए संस्था निरंतर जागरूकता ला रही है। 2022-23 के दौरान माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र द्वारा दिया गया कुल लोन लगभग 3.20 लाख करोड़ रुपए है और बकाया लगभग 3.51 लाख करोड़ है। MFI के पास 7 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों के सक्रिय ऋण खाते हैं। इसके अलावा एसएचजी बैंक लिंकेज कार्यक्रम से लगभग 1.80 से 2 लाख करोड़ रुपए दिए।

हमारे देश में माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र के तहत कुल 5 लाख करोड़ से अधिक बकाया है, जो बैंकों द्वारा दिए गए प्राथमिकता वाले क्षेत्र के ऋण का 10% से अधिक है। राजस्थान में लगभग 112 माइक्रो लेंडर्स (19 बैंकों सहित) संचालन में हैं, जिनमें से 3 राज्यों में स्थित हैं, जिनका संचालन राजस्थान में है।

## मुक्त मंच जयपुर की मासिक संगोष्ठी

# असीमित आकांक्षा, अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बढ़ रहा है अवसाद



बेधड़क | जयपुर

छात्रों में बढ़ता अवसाद, निदान और समाधान पर मुक्त मंच जयपुर की 70वीं मासिक संगोष्ठी हुई। गोष्ठी में पूर्व आईएएस अरुण ओझा मुख्य अतिथि थे और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने अध्यक्षता की।

संगोष्ठी का संयोजन शब्द संसार अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने किया। डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने कहा कि अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अति महत्वकांक्षाओं ने छात्रों को अवसाद में धकेल दिया है। छात्रों द्वारा आत्महत्याएं भी इसी की परिणति है। वित्त विशेषज्ञ आरके शर्मा ने कहा कि कोचिंग ने छात्रों का चैन छीन लिया है।

कोचिंग संस्थानों को बंद किया जाना चाहिए। रि. आईएएस आरसी जैन, वरिष्ठ साहित्यकार-संपादक प्रबोध गोविल, साहित्यकार डॉ. सुषमा शर्मा, इंजीनियर दामोदर चिरानिया, सुधांशु मिश्रा, आईएएस अरुण ओझा और पूर्व बैंकर इंद्र भंसाली ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि 2021 में करीब 13 हजार छात्रों ने आत्महत्या की और 4 प्रतिशत की दर से उसमें वृद्धि हो रही है। कोचिंग हब सुसाइड मंडी के रूप में बदलते जा रहे हैं।

कोचिंग हब धन कमाने के माध्यम बनते जा रहे हैं। संगोष्ठी में परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग, फारूक आफरीदी, ललित अकिंचन, यशवंत कोठारी, अनंत कुमार श्रीवास्तव, लोकेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, प्रदीप खेतान और विष्णु लाल शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

## जूनियर समर कैंप | मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने जेकेके में बच्चों से किया संवाद

# कैंप में सीखी विधा को बच्चों ने मंच पर किया साकार

बेधड़क | जयपुर

बच्चों द्वारा कैंप में सीखी गई नाटक, भरत नाट्यम, कत्थक और तबला वादन जैसी कलाओं पर आधारित प्रस्तुतियों को देख कला एवं संस्कृति मंत्री भी रोमांचित हो गए। उन्होंने बच्चों से सवाल किए और बच्चों ने रोचक अंदाज में जवाब दिए।

साथ ही बच्चे मंत्री को अपने बीच पाकर खुश नजर आए। नजारा था शिक्षा, कला, साहित्य और संस्कृति मंत्री डॉ. बीडी कल्ला के जवाहर कला केन्द्र में चल रहे 'जूनियर समर कैम्प' में विजिट का। बीडी कल्ला ने विजिट के दौरान बच्चों को 'बेस्ट परफोर्मेंस' के लिए बधाई देते हुए प्रेरणादायक संवाद किया और हौसला अफजाई की। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के कैंपों के आयोजन बच्चों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देने की कला सिखाते हैं। ये 'स्टेज फीवर' को खत्म करने में मददगार होते हैं।



### घर पर भी करें सीखी गई कलाओं का अभ्यास

मंत्री ने कहा कि बच्चे कैंप में सीखी गई गतिविधियों का घर पर अभ्यास करें। साथ ही उन्होंने जेकेके के अधिकारियों से कहा कि कैंप के बाद आगामी सर्दियों में बच्चों के लिए एक 'रिफ्रेशर कैंप ' और आयोजित करें। इससे बच्चों को एक बार फिर इनकी बारीकियों को दोहराने का मौका मिलेगा। गायत्री राठौड़ प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति, पुरातत्व विभाग और महानिदेशक जेकेके ने भी बच्चों की प्रस्तुति देखी। उन्होंने कहा, कि कैम्प में बच्चे विभिन्न विधाएं सीख रहे हैं। इससे उनके समय का सदुपयोग हो रहा है। परिजनों की तरफ से कैम्प की मियाद बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की जा रही ही है, जिस पर विचार किया जा रहा है।

### पक्षियों के दिए उदाहरण

डॉ. कल्ला ने बच्चों के साथ देश और प्रदेश की कला और संस्कृति से जुड़ी बातें सरल अंदाज में साझा करते हुए उनकी 'लर्निंग' के बारे में सवाल किए। उन्होंने 'अर्ली टू बैड, अर्ली टू राइज, मेक्स ए मैन हेल्दी, वेल्दी एंड वाइज' का महत्व बताते हुए बच्चों को जीवन में आयु, बुद्धि, बल, धन और यश पाने के लिए बड़ों का आदर और सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

हमें अपना काम करते रहना चाहिए, वहां भी जहां इसकी कद्र न हो। क्योंकि कर्मो का लेखा जोखा ईश्वर के सर्वोच्च न्यायालय में होता है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## न्यूयॉर्क की आबोहवा बिगड़ी: कनाडा के जंगलों की आग का धुआं छाया



*ह्यूस्टन। कनाडा के जंगलों में लगी आग का धुआं बुधवार को अमेरिका के पूर्वी तट और मध्य-पश्चिम क्षेत्र की तरफ पहुंच गया, जिससे न्यूयॉर्क सिटी में वायु गुणवत्ता बहुत खराब हो गई। 'आईक्यूएअर' के आंकड़ों से पता चलता है कि न्यूयॉर्क सिटी में प्रदूषण का स्तर दुनिया के प्रमुख शहरों से अधिक हो गया और इसकी आबोहवा भारत की राजधानी दिल्ली से भी खराब श्रेणी में पहुंच गई। न्यूयॉर्क सिटी में बुधवार को धुएं का गुबार इस कदर छाया रहा कि प्रसिद्ध स्काईलाइन आंखों से ओझल हो गई। कई मौसम केंद्रों ने ज्यादातर जगहों पर दृश्यता एक मील से कम रहने की बात कही। तस्वीर में न्यूयॉर्क के आसमान पर छाया धुआं और रेंगता ट्रैफिक। इस धुएं ने लोगों को मास्क लगाने को मजबूर कर दिया है। -पीटीआई*

### पाकिस्तान: बोले मुनीर- इमरान को नहीं करेंगे माफ

# देश छोड़ भागेंगे या होगी फांसी!

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अब खुलेआम चेतावनी दे दी है। पाक सेना के शीर्ष कमांडरों के साथ बैठक के बाद सेना प्रमुख ने साफ कर दिया कि 'हम 9 मई को न तो भूलेंगे और ना ही किसी को माफ करेंगे।'

सेना ने खुलासा किया है कि इमरान ने लाहौर के कोर कमांडर के घर पर हमले के दौरान अपने नेताओं को सैकड़ों कॉल की थी। इस बीच इमरान के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज हो गया है। ऐसे में अब ऐसी अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या इमरान खान का जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह से फांसी देने की तैयारी हो रही है या उन्हें नवाज शरीफ की तरह से देश को छोड़कर जाना होगा।

वैसे पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान कह रहे हैं कि वह देश को छोड़कर नहीं जाएंगे, ऐसे में जल्द ही उनके गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।



### हाई कोर्ट में पेश हुए इमरान

इमरान खान गत नौ मई को अपनी गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक प्रदर्शनों से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामलों और तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अपनी जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए गुरुवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट पहुंचे। पीटीआई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर डाले गए एक वीडियो में उनकी काली एसयूवी गाड़ी को सुरक्षा कर्मियों के घेरे में अदालत परिसर में प्रवेश करते हुए देखा जा सकता है।

### चलेगा आर्मी एक्ट के तहत मुकदमा!

पाकिस्तानी सेना ने कहा कि वह 9 मई की हिंसा में शामिल किसी साजिशकर्ता, उकसाने वाले या हमलावर को माफ नहीं करेंगे। उसने यह भी कहा कि अगर कोई इन आरोपियों को बचाता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाए। विश्लेषकों का कहना है कि सेना का इशारा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट की ओर था जो इमरान खान और उनके समर्थकों को बेल देती जा रही है। जनरल मुनीर ने कहा कि सभी के साथ बहुत कड़ाई के साथ निपटा जाएगा।


### व्हाइट हाउस में राहुल गांधी की सीक्रेट मीटिंग!

# किससे मिले कांग्रेस नेता!

**एजेंसी** | वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। पीएम मोदी के दौरे से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भी व्हाइट हाउस जाने की चर्चा है। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी ने व्हाइट हाउस में कुछ शीर्ष अमेरिकी नेताओं के साथ 'सीक्रेट' मीटिंग की थी।

राहुल गांधी हाल ही में अमेरिका दौरे पर थे। जहां उन्होंने कई सभाएं कीं और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ चर्चा की। रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी यात्रा के दौरान शिक्षाविदों, तकनीकी विशेषज्ञों और थिंक टैंकों के अलावा अमेरिकी विदेश विभाग में दक्षिण एशिया के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू सहित वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से भी मुलाकात की। "वह कथित तौर पर व्हाइट हाउस भी गए थे। कुछ अजीब कारणों से बैठकों को गुप्त रखा गया है, लेकिन तय है कि जो बाइडेन प्रशासन ने स्पष्ट रूप से एक विपक्षी नेता के लिए दरवाजा बंद नहीं किया।"



### बैठक को रखा गया गुप्त

राहुल गांधी के कथित व्हाइट हाउस दौरे को लेकर न तो अमेरिका और न ही कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई बयान जारी किया गया है। डोनाल्ड लू से भी राहुल की मुलाकात हुई बताई गई। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी सरकार गिराए जाने के पीछे डोनाल्ड लू का नाम लिया था। इमरान खान ने ये कहकर सनसनी फैला दी थी कि अमेरिका का एक डिप्लोमेट उनकी सरकार गिराने की साजिश में शामिल था। उन्होंने खुले तौर पर डोनाल्ड लू का नाम लिया था।

### लोकतंत्र पर क्या बोले गांधी

अमेरिका के दौरे पर राहुल गांधी ने कहा था कि भारत के लोकतंत्र से 'पूरी दुनिया का लोकहित' जुड़ा है और यदि इसमें 'बिखराव' होता है तो इसका असर पूरे विश्व पर पड़ेगा। उन्होंने यहां 'नेशनल प्रेस क्लब' में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'भारत में लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ना हमारा काम है और यह एक ऐसी चीज है, जिसे हम समझते हैं, जिसे हम स्वीकार करते हैं और जो हम करते हैं।' गांधी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों को विस्तार देने की आवश्यकता है और ये केवल रक्षा संबंधों तक ही सीमित नहीं होने चाहिए।

### सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी...

# भारतीय मूल के मंत्री थर्मन उतरेंगे मैदान में

**एजेंसी** | सिंगापुर

सिंगापुर में भारतीय मूल के एक वरिष्ठ मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम ने इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के अपने इरादे की बृहस्पतिवार को घोषणा की। थर्मन ने 22 साल बाद सक्रिय राजनीति से अलग हटने का फैसला किया। उन्होंने यह भी कहा कि वह सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) से इस्तीफा देना चाहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ली ह्सियन लूंग को सक्रिय राजनीति से दूर होने और सरकार में अपने सभी पदों को छोड़ने और राष्ट्रपति चुनाव में लड़ने के बारे में सूचित किया।

सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव 13 सितंबर तक कराया जाना अनिवार्य है। थर्मन (66) पहली बार 2001 में 'जुरोंग ग्रुप रिप्रेजेंटेटिव कांस्टीट्यूएंसी' (जुरोंग जीआरसी) में संसद सदस्य चुने गए थे। थर्मन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपने निर्णयों की जानकारी दी है। मीडिया ने थर्मन के हवाले से खबर में कहा कि वह सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) के अध्यक्ष सहित अन्य जिम्मेदारियों को छोड़ देंगे।

उन्होंने अपने पत्र में कहा, 'यह एक कठिन निर्णय रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैंने अपने परिवार से विचार-विमर्श किया, और आगामी वर्षों में देश की सेवा कैसे कर सकता हूं, इस पर गंभीरता से सोचा।'

### फ्रांस: चाकू से हमला, 6 घायल

**पेरिस।** फ्रांस के एनेसी में बच्चों पर चाकुओं से हमले की खबर है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि एनेसी शहर में चाकूबाजी की घटना में छह बच्चों समेत कुल सात लोग घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब बच्चे एक झील के पास खेल रहे थे। चाकूबाजी की घटना पाक्वियर सेक्टर में हुई, जो एनेसी में लेक एनेसी की सीमा पर है। शहर में झील के पास एक पार्क में गुरुवार को सुबह एक व्यक्ति ने तीन साल के बच्चों के समूह पर चाकू हमला कर दिया।

### एअर इंडिया का विमान रूस से पहुंचा सैन फ्रांसिस्को

# फंसे यात्रियों को पहुंचाया यूएस

**एजेंसी** | सैन फ्रांसिस्को

एअर इंडिया के विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण रूस के मगदान में फंसे यात्रियों को लेकर एक अन्य विमान गुरुवार को सैन फ्रांसिस्को पहुंच गया। एअर इंडिया के दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुए एक विमान को इंजन में तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार को रूस के सुदूर मगदान शहर में आपात स्थिति में उतारना पड़ा था। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, 'हमारे सभी यात्रियों को आवश्यक मदद मुहैया कराई जा रही है।' एअर इंडिया ने विमान में सवार 216 यात्रियों और 16 चालक दल के सदस्यों को उनके मूल गंतव्य सैन फ्रांसिस्को पहुंचाने के लिए एक 'फेरी' विमान भेजा था। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, 'विमान संख्या एइआई-173डी 8 जून 2023 रात 12:07 बजे सुरक्षित सैन फ्रांसिस्को पहुंच गया।' एअर इंडिया का 'फेरी' विमान स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 14 मिनट पर मगदान पहुंचा था और स्थानीय समयानुसार सुबह 10:27 बजे सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुआ।




### 'वर्जिन बर्थ': वैज्ञानिकों के उड़े होश

# मादा घड़ियाल बिना नर के हुई प्रेगनेंट

**एजेंसी** | सान जोसे

दक्षिण अमेरिकी देश कोस्टारिका के एक चिड़ियाघर से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मादा घड़ियाल 16 साल से अकेली थी, लेकिन वह बिना नर के ही गर्भवती हो गई। इस मादा घड़ियाल ने अंडा दिया, जिसमें एक स्वस्थ बच्चा है।

इस घटना को बहुत उल्लेखनीय खोज माना जा रहा है। इस दुर्लभ घटना को 'वर्जिन बर्थ' करार दिया जा रहा है। वर्जिन बर्थ की घटना अब तक चिड़िया और मछली आदि में हो चुकी है, लेकिन घड़ियाल में यह पहली बार हुई है। जनवरी 2018 में जू में तैनात रक्षकों ने पाया कि घड़ियाल के घेरे के पास 14 अंडे हैं। इनमें एक में विकसित भ्रूण पाया गया था।



### ऐतिहासिक घटना

'फैकल्टेटिव पार्थेनोजेनेसिस' के तहत बिना यौन संबंध बनाए ही एक मादा जीव गर्भवती हो सकती है। इस तरह के वर्जिन बर्थ में कई तरह की दिक्कतें आ सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि 14 में से केवल 7 अंडे ही फर्टाइल थे। भ्रूण के ऊतकों और मादा घड़ियाल की चमड़ी के जेनेटिक विश्लेषण से पता चला कि दोनों एक-दूसरे से पूरी तरह से मिलते हैं। इस भ्रूण का कोई भी पिता नहीं मिला। इस वर्जिन बर्थ को ऐतिहासिक घटना माना जा रहा है।

### मादा घड़ियाल और भ्रूण एक दूसरे का क्लोन

इस बच्चे का जन्म उस समय नहीं हुआ था। वैज्ञानिकों ने अब अपने रिसर्च पेपर में कहा है, 'यह सामान्य नहीं है कि एक जू के अंदर बंद सरीसृप श्रेणी के जीव इतने अंडे दे, वह भी तब जब वह उसका किसी नर से संपर्क नहीं हुआ है। वैज्ञानिकों ने बताया कि मां और बच्चे के बीच 99.9 प्रतिशत समानता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बिना नर के गर्भवती होने की इस प्रक्रिया को 'फैकल्टेटिव पार्थेनोजेनेसिस' कहा जाता है।




Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak



सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl